# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर साप्ताहिक समाचार पत्र




पेज–05


वर्ष–01 अंक–18 अमरोहा उत्तर प्रदेश www.sabkasapna.com सोमवार ● 04 मार्च से 10 मार्च 2024 पेज–08 मूल्य 5 रुपये


जरूर पढ़ें

### सीमा हैदर की मुश्किलें और बढ़ीं, सचिन मीणा भी संकट में

**पानीपत.** सीमा हैदर के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर के वकील ने सीमा और उसके प्रेमी सचिन मीणा को भी 3 करोड़ का नोटिस भेजा है. अपने आप को सीमा हैदर का भाई बताने वाले वकील डॉ एपी सिंह को 5 करोड़ का नोटिस भेजा है. सीमा हैदर के पाकिस्तानी पति की ओर से वकील मोमिन मलिक ने तीनों को करोड़ों के नोटिस भेजकर एक महीने के अंदर मांगे माफी को कहा है. जुर्माना जमा नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई शुरू करने की बात कही है. आपको बता दें कि पाकिस्तान से नेपाल के रास्ते चार बच्चों के साथ गैरकानूनी तरीके से अपने प्रेमी के पास आई सीमा हैदर के पति गुलाम हैदर ने हरियाणा के पानीपत के सीनियर एडवोकेट मोमिन मलिक को हायर किया है.

### महावीर मंदिर न्यास का 7वां अस्पताल शुरू, यहां महज 20 रुपये में होगा इलाज

**पटना.** पटना के राजीव नगर में शुरू हुआ महावीर मन्दिर न्यास का सातवां अस्पताल पटना के राजीव नगर में शुरू हो गया है. महावीर वरिष्ठ नागरिक अस्पताल के नाम से यह अस्पताल राजीव नगर रोड नंबर 24 ल्र में शुरू किया गया है. महावीर मन्दिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने बताया कि मात्र 20 रुपये के निबंधन शुल्क पर मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जाएगा. जांच और अन्य सुविधाएं सीजीएचएस यानि भारत सरकार स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा निर्धारित दर पर मुहैया करायी जाएंगी.उन्होंने बताया कि शुरुआत के तौर पर एक फिजीशियन की देखरेख में ओपीडी सेवा शुरू की गयी है.

# एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड की जानकारी देने के लिए मांगा समय

## एसबीआई को अप्रैल 2019 से अब तक मिले चंदे की जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग को देने के लिए कहा था.

नई दिल्ली, एजेंसियां



टेट बैंक ऑफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट से चुनावी बॉन्ड की जानकारी देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा है. सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों चुनावी बॉन्ड स्कीम को रद्द कर दिया था. साथ ही कोर्ट ने एसबीआई को चुनावी बॉन्ड की जानकारी चुनाव आयोग को देने को कहा था. दरअसल, एसबीआई ही चुनावी बॉन्ड जारी करता था.

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने 15 फरवरी 2024 को चुनावी बॉन्ड स्कीम को असंवैधानिक और **RTI** का उल्लंघन करार देते हुए तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी. सीजेआई की अध्यक्षता वाली 5 जजों की बेंच ने एसबीआई को अप्रैल 2019 से अब तक मिले चंदे की जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग को देने के लिए कहा था. कोर्ट ने चुनाव आयोग से 13 मार्च तक यह जानकारी अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए कहा था. लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, रइकने अपने आवेदन में कोर्ट से कह कि 12 अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 तक विभिन्न पार्टियों को चंदे के लिए 22217 चुनाव बॉन्ड जारी किए गए हैं. भुनाए गए बांड को प्रत्येक चरण के आखिरी में अधिकृत शाखाओं द्वारा सीलबंद लिफाफे में मुंबई मुख्य शाखा में जमा किए गए थे. एसबीआई ने कहा कि दोनों सूचना साइलो की जानकारी इकट्ठा करने के लिए 44,434 सेटों को डिकोड करना होगा. ऐसे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय 3 हफ्ते का समय पूरी प्रोसेस के लिए पर्याप्त नहीं है.

मोदी सरकार ने 2018 में चुनावी बॉन्ड स्कीम की शुरुआत की थी. चुनावी बॉन्ड स्कीम के जरिए चंदा ऐसे राजीनीतिक दल हासिल कर सकते थे, जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29ए के तहत रजिस्टर्ड हैं और जिन्हें पिछले लोकसभा या विधानसभा चुनाव में एक प्रतिशत से अधिक वोट मिले हों. इसके तहत कोई भी नागरिक, कंपनी या संस्था किसी पार्टी को चंदा दे सकती थी. ये बॉन्ड 1000, 10 हजार, 1 लाख और 1 करोड़ रुपये तक के हो सकते थे. खास बात ये है कि बॉन्ड में चंदा देने वाले को अपना नाम नहीं लिखना पड़ता था.ये चुनावी बॉन्ड एसबीआई की 29 ब्रांचों में मिलते थे. यह बॉन्ड साल में चार बार यानी जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर में जारी किए जाते थे. इसे ग्राहक बैंक की शाखा में या उसकी वेबसाइट पर ऑनलाइन खरीद सकता था.


मोदी सरकार ने 2018 में चुनावी बॉन्ड स्कीम की शुरुआत की थी . चुनावी बॉन्ड स्कीम के जरिए चंदा ऐसे राजीनीतिक दल हासिल कर सकते थे, जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29ए के तहत रजिस्टर्ड हैं और जिन्हें पिछले लोकसभा या विधानसभा चुनाव में एक प्रतिशत से अधिक वोट मिले हों . इसके तहत कोई भी नागरिक, कंपनी या संस्था किसी पार्टी को चंदा दे सकती थी . ये बॉन्ड 1000, 10 हजार, 1 लाख और 1 करोड़ रुपये तक के हो सकते थे . खास बात ये है कि बॉन्ड में चंदा देने वाले को अपना नाम नहीं लिखना पड़ता था .


# बस्ती में फर्जी कॉलेज का खुलासा, कागजों में चल रहा इंटर कॉलेज? न बच्चे हैं न टीचर

बस्ती, एजेंसियां



पिछले तीन वर्ष से एक कॉलेज सिर्फ कागज पर संचालित हो रहा है. हैरानी की बात ये है कि इस कॉलेज में शिक्षक और छात्र एक भी नहीं हैं. एक बाबू और अनुचर की तैनाती है तो वह महीने में एक–दो दिन हाजिरी लगाकर पूरे माह का वेतन उठा रहे हैं.

फिर भी संबंधित विभाग और प्रशासनिक अधिकारी इसकी खोज खबर नहीं ले पा रहे. इस विद्यालय की तरफ से ही जिला विद्यालय निरीक्षक को लिखित में जवाब दिया गया है कि वित्तीय वर्ष 23झ2024 में एक भी बच्चे पंजीकृत नहीं हुए है और ना ही कोई अध्यापक ही यहां तैनात है. इस पत्र के सामने आने के बाद इस फर्जी कॉलेज का खुलासा हुआ तो हड़कंप मच गया.

यह पूरा मामला कुदरहा विकासखंड के मेहनौना में स्थित राम पार्षद शास्त्री इंटर कॉलेज का है. तीन वर्ष से शिक्षक की तैनाती नहीं हुई है. एक साल से नामांकन भी शून्य है. जूनियर तक यह विद्यालय एडेड है. कक्षा नौ से इंटर तक मान्यता प्राप्त है. 1967 के आसपास इस विद्यालय की स्थापना हुई थी. जूनियर हाईस्कूल तक की मान्यता वर्ष 1983 में मिली थी. उसके बाद 1986 में हाईस्कूल की मान्यता मिली. इंटर तक की मान्यता 2006 में प्राप्त हुआ. शुरुआती दौर में इस विद्यालय में बच्चों की संख्या ठीक ठाक रही.मान्यता मिलने के साथ धीरे धीरे बच्चों की संख्या बढ़ती गई. वर्ष 2005 तक लगभग 800 बच्चे पंजीकृत रहे. एक प्रधानाध्यापक, 13 शिक्षक, एक बाबू व तीन अनुचर सहित कुल 18 का स्टाफ था. शिक्षकों की सेवानिवृत्त के साथ ही बच्चों की संख्या भी घटती चली गई. वर्ष 2021 से इस विद्यालय में एक भी शिक्षक तैनात नहीं हुए. दो वर्ष तक उधारी के शिक्षक के भरोसे विद्यालय संचालित होता रहा.

नामांकन का दबाव व पोर्टल पर छात्र विवरण अपलोड की व्यवस्था शुरू हुई तो वह भी किनारा कर लिए. उसके बाद जो गिनती के छात्र थे वह भी गायब हो गए. बाबू शेषनाथ पांडेय व अनुचर राम जनक कभी कभार हाजिरी लगाने आते हैं. विद्यालय में शिक्षकों की तैनाती न होने से बच्चों से गुलजार रहने वाला विद्यालय धीरे धीरे वीरान हो गया.

# दंगाइयों से करवाई जाएगी सरकारी संपत्ति के नुकसान की भरपाई

उत्तराखंड :, एजेंसियां




उपद्रव फैलाने वालों पर शिकंजा कसने की दिशा में उत्तराखंड सरकार ने बड़ा कदम उठाया है. सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की वसूली दंगाइयों से की जाएगी. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक ने क्लेम ट्रिब्यूनल गठन पर मुहर लगा दी है. हड़ताल, बंद, विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाते हैं. क्षतिपूर्ति के लिए अब तक उत्तराखंड में ठोस व्यवस्था नहीं थी. दंगा और अशांति फैलाने वालों पर धामी सरकार अब सख्ती से पेश आने वाली है.

सोमवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में कानून बनाने के लिए हरी झंडी मिल गई है. कैबिनेट की बैठक में महत्वपूर्ण फैसला लिया गया. सरकारी या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर मुकदमा दर्ज होने की रिपोर्ट सर्किल ऑफिसर जिलाधिकारी को देंगे. जिलाधिकारी क्लेम ट्रिब्यूनल, कोर्ट कमिश्नर के माध्यम से नुकसान का आंकलन कराएंगे. नुकसान का आंकलन होने पर कानून के अंतर्गत संबंधित व्यक्ति से क्षतिपूर्ति की राशि वसूली जाएगी.

उत्तराखंड में दंगा और अशांति फैलाने के मामलों को सख्ती से रोकने का प्रावधान किया गया है. कैबिनेट की बैठक ने विशेष ट्रिब्यूनल के गठन को मंजूरी दी है. प्रदेश की शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी.

# दिल्ली में सभी महिलाओं को मिलेंगे हजार रुपए

नई दिल्ली, एजेंसियां



-दिल्ली सरकार की तरफ से वित्त मंत्री आतिशी ने विधानसभा में साल 2024 -25 का बजट पेश किया। इस बार दिल्ली सरकार ने 76,000 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। लोकसभा चुनाव से पहले पेश किए गए इस बजट में दिल्ली सरकार ने महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा की है।

दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने सभी महिलाओं को एक हजार रुपए देने की घोषणा की है। 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को सरकार ये रुपए देने वाली है। बजट पेश करने के दौरान कहा गया है कि ₹मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना₹ के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं को 1000 रुपये प्रति माह का मानदेय दिया जाएगा।

सरकार ने इस योजना के लिए 2000 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। बजट पेश करते हुए आतिशी ने कहा कि महिलाओं को एक हजार रुपए महीने इसलिए दिए जाएंगे ताकि वह अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सकें और इससे उनकी मदद हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि सीएम केजरीवाल ने दिल्ली की महिलाओं का बड़ा भाई होने का फर्ज निभाते हुए इस योजना को शुरू करने का फैसला किया है।

बजट पेश करते हुए आतिशी ने यह भी कहा कि केजरीवाल सरकार ने 2015 से 22,711 नए क्लासरूम बनाए। शिक्षा हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है, उन्होंने यह भी बताया कि दिल्ली सरकार ने इस साल शिक्षा के लिए 16,396 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।जानकारी के मुताबिक, दिल्ली बजट में शिक्षा के लिए 16,396 करोड़ रुपये, स्वास्थ्य के लिए 8685 करोड़ रुपये , 6215 करोड़ अस्पतालों के रखरखाव, 212 करोड़ रुपये मोहल्ला क्लीनिक के लिए दिए गए हैं।बजट पेश होने से पहले आतिशी ने कहा कि हम सभी लोग भगवान राम के जीवन से प्रेरित हैं। राम राज्य के सपने को पूरा करने के लिए 9 साल से प्रयास कर रहे हैं। दिल्ली में 'राम राज्य' के लिए पिछले 9 साल में हमने बहुत कुछ किया है लेकिन अभी बहुत कुछ करना बाकी है।

# रालोद ने किया उम्मीदवारों के नाम का ऐलान, बिजनौर–बागपत के प्रत्याशी घोषित

नई दिल्ली, एजेंसियां



जयंत चौधरी की पार्टी राष्ट्रीय लोक दल (फ्छऊ) आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ठऊअ) में शामिल हो गई है। रविवार को जयंत चौधरी की बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के एक दिन बाद सोमवार को पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए दो सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया। इसके साथ ही विधान परिषद के लिए भी उम्मीदवार के नाम का ऐलान किया गया है।

रालोद ने बिजनौर और बागपत से उम्मीदवार उतार दिए हैं। पार्टी ने बिजनौर से चंदन चौहान और बागपत से डॉ. राजकुमार सांगवान को मैदान में उतारा है। वहीं विधान परिषद चुनाव के लिए आरएलडी ने योगेश चौधरी पर भरोसा जताया है।जानकारी के अनुसार, डॉ. राजकुमार सांगवान 40 साल से ज्यादा समय से पार्टी के साथ हैं। वह वरिष्ठ नेता हैं। चौधरी चरण सिंह को अपना गुरु मानकर राजनीतिक करियर की शुरुआत करने वाले राजकुमार मेरठ से आते हैं। उन्होंने लंबे समय तक किसान और छात्र राजनीति में प्रतिनिधित्व किया है। उनकी उम्र 63 साल है और वे माया त्यागी कांड के विरोध में 1980 में जेल जा चुके हैं।

वह आरएलडी के 1982 में जिला उपाध्यक्ष और 1986 में छात्र रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की भूमिका निभा चुके हैं। 1990 में झारखंड, बिहार के चुनाव प्रभारी के साथ ही राजकुमार सांगवान आरएलडी में प्रदेश महामंत्री भी रह चुके हैं। वह अभी आरएलडी के राष्ट्रीय सचिव हैं। उन्होंने एमए, पीएचडी तक की पढ़ाई की है।

वहीं चंदन चौहान की बात की जाए तो वह मीरापुर विधायक हैं। इसके साथ ही वाईआरएलडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उनके दादा स्वर्गीय बाबू नारायण सिंह यूपी सरकार में उपमुख्यमंत्री रह चुके हैं। जबकि पिता स्वर्गीय संजय चौहान बिजनौर सांसद रह चुके हैं। चंदन चौहान की इस सीट पर दावेदारी मजबूत बताई जा रही है। देखना होगा कि सपा और बसपा इस सीट से किसे मैदान में उतारती है।आपको बता दें कि बीजेपी ने अपनी पहली लिस्ट में 195 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया था, लेकिन बिजनौर–बागपत की सीटों पर किसी प्रत्याशी का नाम सामने नहीं आया था। कयास लगाए जा रहे थे कि ये सीटें आरएलडी कोटे के लिए छोड़ दी गई हैं। हालांकि अब तक सीट शेयरिंग पर स्थिति साफ नहीं हुई है, लेकिन कहा जा रहा है कि यूपी की 80 में से दो सीटें ही आरएलडी को दी जाएंगी। बता दें कि पिछले लोकसभा चुनाव में रालोद ने बसपा–सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। उसने बागपत के साथ ही मथुरा और मुजफ्फरनगर के प्रत्याशी मैदान में उतारे थे, हालांकि तीनों को हार का सामना करना पड़ा था। तीनों पर उन्हें बीजेपी के उम्मीदवारों ने शिकस्त दी थी।

### बंगाल में अनोखी शादी देखने को मिली

# अस्पताल बना मंडप, बाराती बने डॉक्टर प्रेमी–प्रेमिका की शादी

नई दिल्लीः एजेंसी



पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर इलाके में स्थित एक निजी अस्पताल सुर्खियों में है, क्योंकि इस अस्पताल के मैंनेजमेंट ने काम ही कुछ ऐसा किया है, जिसकी चर्चा पूरे देश में हो रही है।

सोशल मीडिया पर अस्पताल प्रशासन के द्वारा उठाए गए इस कदम की लोग खूब तारीफ कर रहे हैं। बता दें कि दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल में पिछले कुछ दिनों से भर्ती सूचरिता पात्र नाम की एक युवती जॉन्डिस की बीमारी से जूझ रही थी। उसकी हालत दिन–प्रतिदिन खराब होती जा रही थी, जिस वजह से वह काफी घबराई हुई थी। इससे सूचरिता के माता–पिता भी काफी चिंतित थे। सूचरिता को लगा कि वह इस बीमारी को ज्यादा झेल नहीं पाएगी। ऐसे में उसने हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले अपने प्रेमी अमित मुखर्जी से फोन पर बात की और उसे अपनी हालात के बारे में बताया। उसने अमित से शादी करने की इच्छा भी जताई, जिसे अमित ने स्वीकार कर लिया। वह अपना सारा काम छोड़कर दुर्गापुर पहुंचा और अस्पताल में भर्ती अपनी प्रेमिका से मिला। इसके बाद उसने सूचरिता के परिजनों से मिलकर शादी की तैयारियां शुरू कर दी। उसने अपने परिजनों को भी दुर्गापुर बुला लिया। ऐसे में सूचरिता की हालत को देख डॉक्टरों ने उसे अस्पताल से बाहर जाने की इजाजत नहीं दी।अस्पताल में

हुई प्रेमी–प्रेमिका की शादी

इस बीच, सूचरिता ने अस्पताल प्रशासन से मांग की कि वह अस्पताल में ही उनकी शादी करवाने की व्यवस्था करें। अस्पताल प्रशासन ने सोच–विचार कर सूचरिता के प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगा दी। फिर तब क्या था, अस्पताल शादी के मंडप में तब्दील हो गया और अस्पताल के कर्मचारी से लेकर तमाम डॉक्टर सूचरिता और अमित के विवाह में बाराती बन गए। अस्पताल के आइसीयू रूम में भर्ती सूचरिता की अमित के साथ पुरोहित द्वारा मंत्रोच्चार से विवाह कराया गया। हालांकि इस दौरान अस्पताल में शोर शराबा नहीं देखा गया। बेहद शांतिपूर्ण तरीके से विवाह की तमाम रस्म को पूरा किया गया।अमित ने बताया कि सूचरिता से उनकी मुलाकात दुर्गापुर में हुई थी। पहली मुलाक़ात में ही वह सूचरिता को दिल दे बैठे थे। उन्होंने कहा कि सूचरिता और वह नोएडा में एक ही कंपनी मे काम करते थे। सूचरिता पिछले कई महीनों से दुर्गापुर अपने घर आई थी। उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि उनकी शादी कुछ इस तरह से होगी, पर जो होता है, वह अच्छे के लिए होता है। उन्होंने कहा कि वह इस शादी से बहुत खुश हैं। वहीं, सूचरिता के पिता सुब्रत पात्र ने कहा कि वह मूल रूप से बांकूड़ा के रहने वाले हैं, लेकिन पावर प्लांट मे काम करने की वजह से उनको दुर्गापुर मे रहना पड़ता है।

# खराब मौसम के बाद जम्मू–कश्मीर में 4 की मौत, हिमाचल में हाईवे बंद

जम्मू–कश्मीर, एजेंसियां



वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते जम्मू–कश्मीर में बर्फबारी हो रही है, वहीं, राजस्थान में तेज बारिश से फसल बर्बाद हो गई है। उधर, मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे तक 4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। यहां आगे भी बारिश और ठंडी हवाएं चलने के आसार हैं। हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन हो गया है, जिससे यहां सिरमौर जिले के शिलाई और पांवटा के बीच नेशनल हाईवे 707 बाधित है।

हिमालयन रीजन पर वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय है, जिसके चलते देश में कहीं बारिश तो कहीं बर्फबारी और ओलावृष्टि हो रही है। इसी बीच जम्मू–कश्मीर में बिगड़े मौसम से जानमाल का नुकसान हुआ है। यहां जम्मू के चसाना गांव में शनिवार आधी रात के बाद एक घर अचानक भरभराकर ढह गया। जिसके मलबे के नीचे दबने से एक महिला और उसकी तीन बेटियों की मौत हो गई।

चसाना गांव में एक अन्य मकान गिरने से बुजुर्ग दंपति घायल हुए हैं। दोनों फिलहाल अस्पताल में भर्ती हैं। जम्मू पुलिस के अनुसार चसाना से सूचना मिली की एक मकान ढह गया है। मौके पर पहुंचे तो कच्चा मकान गिर गया था, जिसमें महिला फलाला अख्तर, उनकी बेटी नसीमा अख्तर, सफीन कौसर और समरीन अख्तर ने मौके पर दम तोड़ दिया था। पुलिस के अनुसार समरीन दो माह की थी। अभी पुलिस बचाव कार्य ही कर रही थी कि पास में ही एक और मकान और ढह गया जिसमें बुजुर्ग कालू और उनकी पत्नी बानो बेगम घायल हुए हैं।जानकारी के अनुसार पुल डोडा में रविवार को भूस्खलन हो गया। जिसमें पहाड़ से बड़े पत्थर सड़क पर जा रहे एक वाहन के ऊपर गिर पड़े। पुलिस के अनुसार कड़ी मशक्कत के बाद वाहन में से एक शख्स को जिंदा बचाया गया है।

# पूर्व सांसद कंवर सिंह तंवर तीसरी बार अमरोहा से प्रत्याशी बने

सब का सपना, संवाददाता



**अमरोहा :** भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर पर दांव खेला है। अमरोहा लोकसभा से तीसरी बार चौधरी कंवर सिंह तंवर भाजपा के प्रत्याशी होंगे। इससे पहले वह 2014 के चुनाव में सांसद चुने गए थे। जबकि वर्ष 2019 के चुनाव में सपा–बसपा गठबंधन प्रत्याशी के सामने उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

आंकड़ों की बात करें तो भले ही चौधरी कंवर सिंह तंवर वर्ष 2019 के चुनाव में बसपा प्रत्याशी कुंवर दानिश अली के सामने चुनाव हार गए थे। लेकिन वर्ष 2014 के मुकाबले उन्हें इस लोकसभा चुनाव में अधिक वोट मिले थे।

वहीं, चौधरी कुंवर सिंह तंवर के प्रत्याशी बनने की जानकारी मिलते ही भाजपाइयों खुशी की लहर दौड़ गई। फोन पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। जिले में समाजसेवी के रूप में पहचान बनाने वाले चौधरी कंवर सिंह तंवर को वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी बनाया था। इस दौरान मोदी लहर थी। जबकि उनके सामने पूर्व मंत्री कमाल अख्तर की पत्नी हुमैरा अख्तर सपा प्रत्याशी थीं। बसपा से फरहत हसन मैदान में थे। इस चुनाव में चौधरी कंवर सिंह तंवर ने 5 लाख 28 हजार 880 वोट हासिल किए थे। जबकि हुमैरा अख्तर को केवल 3 लाख 70 हजार 666 मत मिले थे। वहीं बसपा प्रत्याशी फरहत हसन को 1 लाख 72 हजार 983 वोटों पर संतोष करना पड़ा था।इसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2019 के चुनाव में भी उन पर भरोसा जताया और दोबारा प्रत्याशी बनाकर मैदान में भेजा था लेकिन इस चुनाव में सपा और बसपा का गठबंधन हो गया। अमरोहा सीट बसपा के खाते में पहुंच गई। बसपा ने कुंवर दानिश अली को अपना प्रत्याशी बनाया था। चौधरी कंवर सिंह तंवर और कुंवर दानिश अली के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। इस चुनाव में चौधरी कंवर सिंह तंवर को हार मुंह देखना पड़ा।

बसपा प्रत्याशी कुंवर दानिश अली 6 लाख 1 हजार 182 वोट हासिल कर लोकसभा सदस्य चुने गए थे। लेकिन वर्ष 2014 के मुकाबले करीब नौ हजार वोट अधिक लेने के बाद भी चौधरी कुंवर सिंह तंवर चुनाव हार गए थे। इस चुनाव में उन्हें 5 लाख 37 हजार 834 वोट मिले थे। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी सचिन चौधरी तीसरे नंबर पर रहे थे। उन्हें केवल 12510 वोट मिले थे। लेकिन एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी ने चौधरी कंवर सिंह तंवर पर भरोसा जताया है।

> पार्टी नेतृत्व और मोदी जी को धन्यवाद। पार्टी ने सोच समझ कर टिकट दिए हैं। जिन लोगों ने अपने क्षेत्र में मेहनत की है, उसे देखकर टिकट दिया गया है। सर्वे के दौरान 67 प्रतिशत अमरोहा की लोगों ने मुझे सपोर्ट किया। इसके लिए अमरोहा लोकसभा क्षेत्र की जनता को भी बधाई। हम चुनाव जीतेंगे।
> **—चौधरी कंवर सिंह तंवर,** प्रत्याशी भाजपा व पूर्व सांसद अमरोहा लोकसभा सीट



## महेश सिंह खड्गवंशी ने भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर का किया स्वागत

सब का सपना, संवाददाता

अमरोहा/यूपीः– भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जारी 2024 लोकसभा उम्मीदवारों की सूची में अमरोहा लोकसभा से 2014 से 2019 तक सांसद रहे कंवर सिंह तंवर को पार्टी ने फिर से तीसरी बार प्रत्याशी बनाकर अमरोहा लोकसभा भेजा है। जैसे ही पार्टी के द्वारा अमरोहा लोकसभा से सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर को प्रत्याशी बनाया गया।

वैसे ही कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ उठी। इसी क्रम में रविवार को हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले महेश सिंह खड़कवंशी ने ब्रजघाट भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर का स्वागत किया। साथ ही महेश सिंह खड़कवंशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा तीसरी बार फिर से चौधरी कंवर सिंह तंवर पर भरोसा जताया गया है और हम पार्टी को भरोसा दिलाते हैं कि अमरोहा लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के द्वारा घोषित लोकसभा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर को जीताने का काम करेंगे। इस दौरान महेश सिंह खड्गवंशी, एडवोकेट गंगासरन खड़कवंशी अमित राणा व अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

> तीसरी बार प्रत्याशी बनाकर अमरोहा लोकसभा भेजा है। जैसे ही पार्टी के द्वारा अमरोहा लोकसभा से सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर को प्रत्याशी बनाया गया।

एक नजर

## ट्रक के नीचे फंसी बाइक में उलझकर घिसटते रहे तीनों शव

**अमरोहा/डिडौली।** नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मारकर बाइक सवारों को रौंद दिया। हादसे में दंपती समेत तीन लोगों की मौत हो गई। ट्रक की टक्कर से मां की गोद से उछलकर दूर गिरी तीन महीने की बच्ची के दोनों पैर कुचल गए। ट्रक के नीचे फंसी बाइक में उलझकर तीनों शव करीब 500 मीटर तक घिसटते रहे। जिससे शव क्षत–विक्षत हो गए। राहगीरों के शोर मचाने पर चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने बच्ची को उपचार के लिए हायर सेंटर भिजवाया है।

हादसा रविवार दोपहर डिडौली कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर लैंडमार्क कॉलेज के सामने हुआ। मुरादाबाद जिले के मझोला थाना क्षेत्र के गांव मथाना में ओम प्रकाश सिंह का परिवार रहता है। उनके दो बेटे सोनू (25 वर्ष) और विनय (23 वर्ष) डिडौली में किराये के मकान में रहते थे। सोनू के साथ उसकी 22 वर्षीय पत्नी सुनैना और तीन महीने की बच्ची भी थी। सोनू गांव कालाखेड़ा में अपने मामा मुनेश की साइकिल रिपेयर की दुकान में काम करता था। जबकि विनय हाईवे स्थित फैक्ट्री में मजदूर था। रविवार को डिडौली क्षेत्र के गांव मुबारकपुर नूरी में सोनू और विनय की ममेरी बहन की शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए सोनू, उसकी पत्नी सुनैना, भाई विनय और बच्ची को साथ लेकर एक बाइक से दोपहर में मुबारकपुर नूरी जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक जब इनकी बाइक हाईवे स्थित लैंडमार्क कॉलेज के सामने से गुजरी तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद सोनू, विनय और सुनैना बाइक समेत ट्रक के निचले हिस्से में फंस गए।



## हसनपुर में तेंदुआ का हमला, छह लोग घायल

**ढवारसी(हसनपुर):–** तेंदुआ ने गांव में घुस कर घरों में सो रहे पांच लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। जबकि, एक ग्रामीण पर जंगल में हमला किया है। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहरा में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायलों को मेरठ रेफर कर दिया है। सूचना पर वन विभाग की टीम गांव पहुंच गई है। गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

तहसील क्षेत्र के गांव लालापुर में रविवार रात क़रीब दो बजे तेंदुआ ने घर के बरामदे में सो रहे अनिल कुमार, हरिराम सुमित कुमार दीपक कुमार तथा सोनवती पर हमला कर सभी लोगों को घायल कर दिया। इनमें अनिल कुमार की हालत नाजुक है। इसके अलावा तेंदुआ ने जंगल में मौजूद राजीव उर्फ राजू पर भी हमला कर दिया।

ग्रामीण हरिराम सिंह को भी हमला कर घायल कर दिया। ग्रामीण राजीव उर्फ राजू पर भी तेंदुए ने हमला कर दिया। करीब एक घंटे में छह लोगों पर हमला होने से गांव में दहशत फैल गई। वन विभाग की टीम क्षेत्रीय वन अधिकारी नरेश कुमार के नेतृत्व में तेंदुआ की तलाश में सर्च अभियान चला रही है।गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है। क्षेत्रीय वनाधिकारी का कहना है कि 6 लोगों पर तेंदुआ ने हमला किया है। हमला करने वाले जानवर का पता लगाया जा रहा है।

## नहर में डूबे महिला और बच्चे के शव की दूसरे दिन भी नहीं हो पाई शिनाख्त

**अमरोहा** अमरोहा के थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर लोहार पुल के निकट राम गंगा पोषक नहर में एक दिन पूर्व महिला और एक बच्ची के शव एक ही रस्सी से बंधे हुए उतराते मिले थे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव बाहर निकलवाकर दोनो के शव मोर्चरी में रखवा दिए थे। शवों को देखने के बाद प्रथम दृष्टया दिखाई दे रहा था की दोनो शव चार से पांच दिन पुराने हैं।

पुलिस ने शवों के शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। एक दिन बीत जाने के बाद भी शवों की पहचान नहीं नही हो पाई है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप ने बताया कि बीते रविवार की शाम को गांव मोहम्मदपुर लोहार पुल के निकट ग्रामीणों ने रामगंगा पोषक नहर में एक महिला व एक बच्ची का शव उतराता दिखा था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शवों को बाहर निकाला।

उन्होंने बताया कि महिला की अनुमानित आयु 30 साल व बच्ची की अनुमानित आयु 6 साल है। पुलिस ने शवों की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रामगंगा पोषक नहर में मिले दोनों शवों की पहचान दूसरे दिन भी नहीं हो पाई है। दोनों शव मोर्चरी पर रखे हुए हैं।

> प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप ने बताया कि बीते रविवार की शाम को गांव मोहम्मदपुर लोहार पुल के निकट ग्रामीणों ने रामगंगा पोषक नहर में एक महिला व एक बच्ची का शव उतराता दिखा था।

## मोदी योगी की सरकार में पसमांदा मुसलमानो का तुष्टिकरण नहीं सशक्तिकरण हुआ : जावेद मलिक





**शाहगंज (जौनपुर ) :** शाहगंज पैलेस शाहगंज में पसमांदा मुस्लिम सम्मेलन में को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष व अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक ने सम्बोधित करते हुए कहा कि अभी तक किसी भी प्रधानमंत्री ने पसमांदा मुसलमानों की सुध नहीं ली। नरेंद्र मोदी भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने पसमांदा मुसलमानों के दर्द को समझा। राजनितिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े हुए पसमांदा मुसलमानों को सभी राजनितिक दलों ने अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया। पसमांदा मुसलमानों को उनके हाल पर छोड़ दिया। भाजपा ने ही सच्चे अर्थों में पसमांदा मुसलमानों की हितैषी साबित हुई है।जावेद मलिक ने रविवार को पसमांदा मुस्लिम सम्मेलन में हजारों की संख्या में आये पसमांदा मुसलमानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पसमांदा मुसलमान हाशिये पर आप आ चुका था पर जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है तबसे पसमांदा समाज का भरोसा मोदी में और गहरा हुआ है। आजादी के बाद से पिछले सत्तर साल में देश व प्रदेश में कांग्रेस, सपा समेत अन्य विपक्षी दलों ने पसमांदा मुस्लिमों को गुमराह किया है। इन दलों ने अपने फायदे के लिए मुस्लिम समाज का भरपूर इस्तेमाल किया है। सिर्फ वोट बटोरने के लिए मुस्लिम समाज को गुमराह किया जाता है। यह पार्टियां सिर्फ गुमराह करके अपने फायदे के लिए सिर्फ मुस्लिम समाज का इस्तेमाल करते हैं और अपनी राजनीतिज्ञ रोटियां सेकते हैं। ये दल कभी भी आपके पिछड़ेपन को दूर नहीं कर सकते हैं। इन दलों को सिर्फ आपकी वोट चाहिए उसके बाद मुस्लिम समाज को भूल जाते हैं।

## सूचना

मैं तुलाराम पुत्र नन्हे निवासी ग्राम नौगांवा तगा तहसील व थाना नौगांवा सादात जिला अमरोहा का निवासी हूं मेरा छोटा बेटा नशे आदि का शिकार है ।आए दिन वह परिवार के साथ कलह करता है। जिसमें उसकी पत्नी कामिनी भी उसका साथ देती है जिसकी वजह से मैं और मेरा पूरा परिवार बहुत परेशान हो चुका है। इसलिए मैं यह घोषणा करता हूं की तीन बेटों में से सबसे छोटा बेटा लोकेश कुमार व उसकी पत्नी कामिनी देवी को अपनी संपत्ति से इनके इनके कृतियों के चलते इन्हें बेदखल कर रहा हूं आज मेरी समस्त संपत्ति में इन दोनों का कोई अधिकार नहीं होगा। और यह भी घोंसला करता हूं कि आज के बाद से उनके द्वारा किसी भी प्रकार के किए गए कृत्यों की मेरी जिम्मेदारी नही होगी।

## महेंद्र सिंह खड्गवंशी के अथक प्रयासों से हुआ महाराणा प्रताप की प्रतिमां का अनावरण




**हसनपुर/अमरोहाः–** हसनपुर में रहरा अड्डे के पास महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने किया। साथ ही भाजपा के द्वारा कराए गए विकास कार्यों का बखान किया।

हसनपुर मे रहरा अड्डे के पास तिराहे पर हसनपुर विधानसभा के विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी ने महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया। वहीं इसी दौरान विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने पूर्व की सरकारों में हुए दंगे को लेकर भी पूर्ववर्ती सरकारों पर हमला बोला और साथ ही कहा कि आज उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सरकार है किसी की हिम्मत नहीं हे की कोई दंगा कर दे। पहले सड़क पर चलते व्यक्ति के साथ कभी भी कोई भी घटना घट जाती थी। लेकिन आज महिलाएं सुरक्षित हैं आज हमारी बहन बेटी दिन में नहीं बल्कि रात में भी आसानी से कहीं भी आ जा सकती हैं। घूम फिर सकती हैं लेकिन पहले ऐसा नहीं था। पहले की सरकारों में महिलाओं का घर से निकलना भी दुभर हो गया था।

वही इस दौरान विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी ने सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों को भी गिनाया और कहा कि यह सब कुछ तभी संभव हो सका है जब उत्तर प्रदेश में भी बीजेपी की सरकार है और केंद्र में भी बीजेपी की सरकार है। आगे कहा कि 2024 में फिर से आपसे आग्रह है कि भारतीय जनता पार्टी को वोट दें और केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का काम करें। इस दौरान विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी के साथ नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, हसनपुर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, रुखालु मंडल अध्यक्ष हुकुम सिंह खड़गवंशी, उझारी मंडल अध्यक्ष हेमराज सैनी, व्यापारी मंडल के जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र खड़गवंशी, नंदन खड़गवंशी, मंडल महामंत्री संजय राणा , मंडल महामंत्री राजू खड़गवंशी, ग्राम प्रधान डगरोली धर्मपाल खड़गवंशी, पूर्व प्रधान झंडी सुरेश खड्गवंशी, शीशपाल खड्गवंशी, जितेंद्र खड्गवंशी, भोले खड़गवंशी, बूथ अध्यक्ष रुखालू इंद्रपाल खड़गवंशी, रुमाल सिंह खड्गवंशी, नंदराम सिंह खड्गवंशी, भोजराम खड़गवंशी, सतपाल सिंह खड़गवंशी, नगर पालिका ईओ व नगर पालिका के सभी सभासद गण उपस्थित रहे।




अपने संस्थान को
दे नई तरक्की
एजुकेशन के विज्ञापन बुक करायें
विज्ञापन हेतु संपर्क करें–
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें–9456884327

# पंचायत सहायकों ने लटका दिए सरकार की मनसा पर ताले

## खबर प्रकाशित होने के बाद भी पंचायत सहायकों पर नहीं है कोई असर

**रहरा/अमरोहा**: प्रदेश में लगातार ग्रामीण सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार लगातार प्रयासरत है कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र की आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसी को लेकर सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण कराया है और ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक की नियुक्ति की गई है ताकि आम जनता को सरकार की चल रही योजनाओं का लाभ ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत सचिवालय के माध्यम से मिल सके। लेकिन सवाल उठता है कि क्या आम आदमी को सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ग्राम पंचायत स्तर पर मिल रहा है तो जवाब मिलेगा नहीं।

आज इसी क्रम में जब हमारी टीम दिन बुद्धबार (28 फरवरी) को उत्तर प्रदेश के जनपद अमरोहा के विकासखंड गंगेश्वरी के ग्राम पंचायत का दौरा करने के लिए निकली तो जो कुछ देखने के लिए मिला वह बहुत ही अलग था।

आपको अवगत करा दें की बुद्धवार को जब हमारी टीम 11:04 पर खूर्तिया पहुंची तो वहां पंचायत घर पर ताला लटक रहा था। **कोई भी पंचायत घर पर मौजूद नहीं था।** पंचायत घर पर लिखे पंचायत सहायक के फोन नंबर पर जब फोन किया गया तो पंचायत सहायक ने जो कहा वह वाकई चौका देने वाला था। पंचायत सहायक ने कहा कि मेरी ड्यूटी क्रॉप सर्वे में लगी हुई है वही जब पंचायत सहायक से पूछा गया कि आप 10 से 12 बजे तक तो कम से कम पंचायत सचिवालय पर बैठ ही सकते हैं। उसके बाद आप क्रॉप सर्वे कर ले तो उधर से जवाब मिलता है कि एसडीएम साहब ने साफ तौर पर मना कर दिया है। हालांकि उसके बाद एसडीएम साहब को फोन किया गया एसडीएम साहब ने कहा कि मेरी तरफ से ऐसा कोई भी आदेश पंचायत सहायकों के लिए नहीं दिया गया है और आप इस पूरे मामले में डीपीआरओ को अवगत करा दें।

उसके बाद जब हमारी टीम 11:10 पर ग्राम पंचायत सचिवालय ओगपुरा पहुंची तो वहां पर भी पाया कि पंचायत सचिवालय पर ताला लटका हुआ है।

उसके बाद हमारी टीम 11:23 पर ग्राम पंचायत खेलिया पट्टी पहुंची तो देखा कि वहां का नजारा भी नहीं बदला वहां पर भी पंचायत सचिवालय में ताला लटक रहा था।उसके बाद हमारी टीम 11:29 पर ग्रामपंचायत खेलिया खालसा पहुंची। तो वह पंचायत सचिवालय भी किसी से कम नहीं निकला। वहां पर भी ताला लटक रहा था। हालांकि मीटिंग हॉल का ताला खुला हुआ था लेकिन पंचायत सचिवालय में कोई भी मौजूद नहीं था। इस मामले को लेकर जब पंचायत सचिवालय पर लिखे हुए पंचायत सहायक के मोबाइल नंबर पर कॉल की गई तो उधर से पंचायत सहायक के द्वारा बताया गया कि उसकी शादी है और वह अपना सामान लेने के लिए गांव से कहीं बाहर गई हुई है।

अब सवाल उठता है कि क्या सरकार के द्वारा चलाई जा रही सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनमानस को मिल पा रहा है। या यू कहें कि जो सरकार की मंशा है कि ग्राम पंचायत स्तर पर ही ग्राम पंचायत की जनता की समस्या का समाधान हो जाए तो क्या ऐसा हो रहा है तो फिर से जवाब मिलेगा नहीं और यह पहला मामला नहीं है।

इससे पहले भी हमारी टीम के द्वारा विकासखंड गंगेश्वरी के ग्राम पंचायत सचिवालय का दोरा किया जा चुका है और खबर प्रकाशित की जा चुकी है। हालांकि उसके बाद केवल उन्हें नोटिस जारी किया गया। **उसके बाद भी पंचायत** सचिवालयों में पंचायत सहायक का ना बैठना अपने आप में कहीं ना कहीं सिस्टम में बैठे अधिकारियों की लापरवाही को दर्शाता है। अब आगे यह देखना होगा कि क्या पंचायत सचिवालय में पंचायत सहायक समय पर बैठेंगे या सब कुछ यूं ही चलता रहेगा।



ग्राम पंचायत खुरतिया के पंचायत सचिवालय में 11:04 पर लटका हुआ ताला।



ग्राम पंचायत ओगपुरा के पंचायत सचिवालय में 11:10 पर ताला लटका हुआ।



ग्राम पंचायत खेलिया पट्टी के ग्राम पंचायत सचिवालय में 11:23 पर लटका हुआ ताला



ग्राम पंचायत खेलिया खालसा में ग्राम पंचायत सचिवालय पर 11:31 पर लटका हुआ ताला।

## भाजपा का फिर परमेश्वर लाल सैनी पर दांव

**संभल।** भाजपा ने संभल लोकसभा सीट पर परमेश्वर लाल सैनी पर भरोसा जताते हुए प्रत्याशी घोषित किया है। 2019 लोकसभा चुनाव में भी परमेश्वर लाल सैनी भाजपा के उम्मीदवार थे, लेकिन सपा सांसद डॉ. के सामने उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वह दूसरे नंबर पर रहे थे। जिसे देखते हुए भाजपा हाईकमान ने उन पर फिर से भरोसा जताया है।

संभल लोकसभा सीट से टिकट के लिए भाजपा के कई बड़े चेहरे दावेदारी कर रहे थे। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव और राजेश सिंघल प्रमुख चेहरे थे, लेकिन पार्टी ने परमेश्वर लाल सैनी को प्रत्याशी घोषित कर सैनी समाज को साधने का काम किया है। क्योंकि संभल लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र संभल, चंदौसी, बिलारी, असमोली और कुंदरकी में सैनी समाज का खासा वोट है। सबसे बड़ी संख्या में बिलारी विधानसभा क्षेत्र में सैनी समाज के लोग रहते हैं। वर्ष 2019 में संभल लोकसभा क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में परमेश्वर लाल सैनी को 483180 मत मिले थे। वर्ष 2010-2016 तक बसपा से एमएलसी रहे। वर्ष 2022 में बिलारी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे और कम अंतर से हार गए थे।

**पार्टी ने इसलिए जताया भरोसा**

वर्ष 2019 में संभल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी रहे परमेश्वर लाल सैनी को हार मिली थी। वह 174826 मतों से सपा-गठबंधन प्रत्याशी डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क से हारे थे। इस चुनाव में भाजपा की हार भले हो गई थी लेकिन भाजपा का रिकॉर्ड जनाधार बढ़ा था। क्योंकि वर्ष 2014 में जीतने वाले प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सैनी को 360242 मत मिले थे और वहीं परमेश्वर लाल सैनी ने वर्ष 2019 में रिकॉर्ड मत पाए। इससे पार्टी का भरोसा बढ़ा और इसी के चलते इस बार भी भरोसा जताने की चर्चा है।



### संभल लोकसभा सीट का ऐसा है जातीय समीकरण

**अब** तक 3.60 लाख ही अधिकतम मत संभल में पाने वाली भाजपा को पौने पांच लाख के पार पहुंचाने वाले परमेश्वर लाल सैनी के लिए भाजपा संगठन अब जीत की रणनीति बनाएगा। 2014 के मुकाबले इस बार का चुनावी समीकरण काफी अलग है।मुस्लिम-यादव समीकरण के सहारे जहां सपा इसे अपनी परंपरागत सीट मानती रही है और 2019 में बसपा से गठबंधन के बाद यह सीट भाजपा के लिए मुश्किल बनी थी, लेकिन उसमें भी 4.80 लाख से ज्यादा मत लेकर भाजपा प्रत्याशी रहे परमेश्वर लाल सैनी अपने चुनावी प्रबंधन का लोहा मनवाया था।लोकसभा चुनाव 2024 में यहां से सीटिंग एमपी डा. शफीकुर्रहमान बर्क का इंतकाल हो चुका है और सपा के पास अब अगला प्रत्याशी चयन मुश्किल का सबब बनने वाला है। ऐसे में भाजपा ने प्रत्याशी का चयन आचार संहिता से पहले करके प्रचार का ज्यादा समय अपने नाम किया है।मूल रूप से चंदौसी 18, बड़े हलवाई मोहल्ला के रहने वाले पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी पेशे से व्यवसायी हैं। रियल स्टेट के साथ ही चाय के कारोबारी हैं। इन पर एक भी मुकदमा दर्ज नहीं है।

## दस मार्च को लखनऊ के लिए पहली उड़ान, पीएम करेंगे लोकार्पण, दस साल का इंतजार खत्म

**मुरादाबाद** : पीएम मोदी मुरादाबाद एयरपोर्ट का दस मार्च को लोकार्पण करेंगे। वर्चुअल होने वाले इस कार्यक्रम के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पहले उड़ान सेवा लखनऊ के लिए शुरू होगी। इसके बाद कानपुर समेत अन्य जगहों के लिए सेवा का विस्तार किया जाएगा।

मुरादाबाद से हवाई सफर का 10 साल का इंतजार 10 मार्च को आखिरकार खत्म हो जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी आजमगढ़ एयरपोर्ट से मुरादाबाद समेत पांचों नए हवाई अड्डों का उद्घाटन करेंगे। मुरादाबाद से पहली फ्लाइट लखनऊ के लिए होगी। सोमवार को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा हो सकती है।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से पहले आजमगढ़ में रविवार को यूपी के सीएम योगी से व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुरादाबाद में भी कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को लेकर व्यवस्थाएं बना ली गई हैं। जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की बैठक सोमवार या मंगलवार को हो सकती है।

इसमें 10 मार्च को होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा सभी से साझा की जाएगी। इसके बाद 10 मार्च को सुबह 10:25 बजे मुरादाबाद से लखनऊ के लिए 19 सीटर विमान उड़ान भरेगा। ज्ञात हो कि मूंढापांडे हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने का एमओयू प्रदेश सरकार व एएआई के बीच 2014 में साइन हुआ था।इसके बाद देरी, घोटाला, निलंबन, एनओसी समेत कई बाधाएं आईं और उड़ान की उम्मीदों को पंख लगने में एक दशक लग गया। तमाम बाधाओं को पार कर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को 17 नवंबर 2023 को लाइसेंस मिला। 28.93 करोड़ रुपये की लागत से करीब 52 हेक्टेयर भूमि पर हवाई अड्डा बनाने की मंजूरी फरवरी 2014 में मिली थी। इसके बाद 2015 में निर्माण शुरू हुआ। निर्माण होते-होते चार साल लग गए। कभी बजट देरी से मिलना तो कभी राजकीय निर्माण निगम की लापरवाही के चलते काम समय पर पूरा नहीं हो पाया।जब काम पूरा हुआ तो निर्माण निगम के इंजीनियरों ने रनवे के आसपास भराव के लिए मिट्टी की कीमत में खेल कर दिया। लापरवाही सामने आई तो 2019 में तत्कालीन नागरिक उड्डयन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने तीन इंजीनियरों को निलंबित किया। इसके बाद कोरोना के कारण निर्माण रुक गया था। 2021 में फिर प्रक्रिया चली और 2023 में सारा कार्य पूरा हुआ।




शहर के निर्यातक 15 साल पहले विदेशी ग्राहकों को अपने खर्च पर दिल्ली से हेलीकॉप्टर में लाए थे। उन्हें सर्किट हाउस में उतारा गया था। तब इसमें लाखों रुपये खर्च हुए थे। उस समय निर्यातकों ने मांग उठाई थी कि मुरादाबाद के मूंढापांडे स्थित हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया जाए।देर से ही सही, लेकिन मुरादाबाद के लोगों की उम्मीदों को पंख लगने जा रहे हैं। यदि लखनऊ व कानपुर के लिए उड़ान सफल रही तो बहुत जल्द मुंबई व बैंगलुरू के लिए उड़ान शुरू हो सकती है। फिलहाल मुंबई व बैंगलुरू जाने वाले लोग बरेली हवाई अड्डे पर पहुंचते हैं।10 मार्च को हवाई अड्डे का लोकार्पण तय है। इसके लिए सूचना मिली है। हवाई अड्डे पर एएआई के अधिकारी व्यवस्था बना रहे हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लाइव दिखाया जाएगा।
**- मानवेंद्र सिंह, जिलाधिकारी**

### संक्षेप खबरें

## देहरादून-टनकपुर के बीच चलेगी जनरल कोच वाली साप्ताहिक ट्रेन



मुरादाबाद : चंदौसी क्षेत्र के रेलयात्रियों के लिए खुशी की खबर है। रेल मंत्रालय ने टनकपुर से देहरादून के बीच ट्रेन चलाने को मंजूरी दे दी है। यह ट्रेन शनिवार को टनकपुर से चलकर चंदौसी के रास्ते देहरादून जाएगी। वहीं रविवार को देहरादून से चलकर चंदौसी के रास्ते टनकपुर के लिए प्रस्थान करेगी।

इससे देहरादून, हरिद्वार, नजीबाबाद, नगीना, कांठ, मुरादाबाद व बरेली जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। अभी इस ट्रेन के संचालन की तिथि तय नहीं हुई है। रेलवे बोर्ड निदेशक की ओर से जारी पत्र के मुताबिक टनकपुर से देहरादून के बीच ट्रेन चलाने को स्वीकृति दे दी है।

हालांकि अभी ट्रेन का शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन चला करेगी। ट्रेन हर सप्ताह के शनिवार को शाम साढ़े सात बजे टनकपुर से चलकर बरेली के रास्ते चंदौसी रात 12.15 बजे पहुंचेगी।

यहां से ट्रेन मुरारादाबाद, कांठ, नगीना, नजीबाबाद, धामपुर से हरिद्वार होते हुए देहरादून रविवार सुबह 07. 35 बजे पहुंचेगी। वहीं यह ट्रेन सप्ताह के रविवार को दोपहर 03.15 बजे देहरादून से चलकर चंदौसी रात 09.20 बजे आएगी।

यहां से ट्रेन बरेली के रास्ते टनकपुर सुबह चार बजे पहुंचेगी। खास बात यह कि कि इस ट्रेन के कोच जनरल बोगी के होंगे। इससे क्षेत्र व आस पास के रेलयात्रियों को फायदा मिलेगा।

## कानून तोड़ने वालों पर होगी सख्ती : डीआईजी

संभल चंदौसी (संभल)। पुलिस प्रशासन ने लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। रविवार को डीआईजी मुनिराज जी ने चंदौसी के मौलागढ़ स्थित मतदान केंद्र और केंद्रीय सुरक्षा बलों को ठहरने के लिए चयनित स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कानून तोड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। रविवार को दोपहर एक बजे डीआईजी मुनिराज जी और एसपी कुलदीप सिंह गुनावत बहजोई रोड स्थित सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहुंचे और स्कूल में पेयजल, शौचालय व विद्युत व्यवस्था का निरीक्षण किया। यहां चुनाव के समय बाहर से आने वाले सुरक्षा बलों को रोकने की व्यवस्था की गई है। इसके बाद वह सिम्स, एएम वर्ल्ड, सीपीएस स्कूल में पहुंचे। उन्होंने बारी-बारी से वहां की व्यवस्थाओं को देखा। चंदौसी के करीब 12 से अधिक शिक्षण संस्थानों और धर्मशालाओं में फोर्स के रोकने का इंतजाम है। वह मौलागढ़ स्थित प्राथमिक विद्यालय पहुंचे और यहां के बूथों का निरीक्षण किया। डीआईजी ने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि पुलिस बल के ठहरने के लिए जो भी विद्यालय धर्मशाला चिह्नित की गई हैं। वहां सभी व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन कर लें। आवयश्कता के अनुसार वहां सुविधाएं सुनिश्चित कराएं, ताकि फोर्स को किसी भी तरह की परेशानी न हो। इस दौरान सीओ चंदौसी डॉ. प्रदीप कुमार, प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह आदि रहे।

## अंडरपास की मांग के लिए भटौला में 41वें दिन भी धरना जारी

संभल। क्षेत्र के गांव भटौला में गंगा एक्सप्रेस वे पर अंडरपास की मांग को लेकर चल रहा भाकियू असली का अनिश्चितकालीन धरना रविवार को 41वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने मांग पूरी न होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी है।

भाकियू असली के पदाधिकारियों को कहना है कि जब तक अंडरपास बनाए जाने की मांग पूरी नहीं की जाएगी तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। बताया कि हिसामपुर व भटोला के बीच गंगा एक्सप्रेसवे पर अंडरपास बनवाने की मांग की जा रही है। प्रशासन और कार्यदायी संस्था द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। कहा कि जब तक कार्यदायी संस्था यूपीडा की ओर से लिखित में आश्वासन नहीं दिया जाएगा तब तक धरना खत्म नहीं करेंगे। धरना स्थल पर राजपाल सिंह यादव, मुकेश, अखिलेश, महेश, पातीराम, रामकिशन, जयपाल गनपत, दोजी सिंह, अशोक कुमार आदि आदि मौजूद रहे।

> अनिश्चितकालीन धरना रविवार को 41वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने मांग पूरी न होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी है।

## अपने नेता को अंतिम विदाई देने उमड़ा भारी जनसैलाब

**संभल। सांसद व सपा के वरिष्ठ** नेता डॉक्टर शफीकुर्रहमान बर्क को बुधवार की सुबह 10:00 बजे डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों ने उनके मैय्यत में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। दरिया सिर के कब्रिस्तान में उन्हें अपनी पत्नी कुरेशा बेगम की कब्र के पास ही दफनाया गया।

संभल के साथ ही आसपास के जिलों के सपा नेता व विधायक सांसद की मौजूदगी रही ? तकरीबन 2 से 3 किलोमीटर लंबी भीड़ अपने सांसद के अंतिम दीदार को लगी रही। सुबह 10:00 बजे उनका जनाजा संभल के सगीर पैलेस से निकला जो नखासा चौराहे पर थोड़ी देर रुक कर नमाज होने के बाद कब्रिस्तान को रवाना हुआ।

दिल्ली जामा मस्जिद के इमाम ने जनाजे की नमाज अदा की। और उनके दफन हुआ। परिवार के लोगों ने कब्र पर मिट्टी डालकर उन्हें विदाई दी।भीम आर्मी के चंद्रशेखर, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के भाई धर्मेंद्र यादव ,मुरादाबाद के सांसद एसटी हसन, राज्यसभा सदस्य जावेद अली खान, संभल के विधायक इकबाल महमूद, असमोली की विधायक पिंकी यादव, बिलारी के विधायक फहीम, हापुड़ मुरादाबाद संभल के समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष के अलावा कई निकायों के अध्यक्ष, विभिन्न ईदगाह के इमाम सहित डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों की मौजूदगी रही।



## प्रोजेक्ट अलंकार से स्कूलों की बदलेगी तस्वीर : डीएम

**बहजोई (संभल)।** कलक्ट्रेट सभागार में रविवार को डीएम मनीष बंसल ने जिले के नौ माध्यमिक विद्यालयों में हो रहे करीब सवा चार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों का शिलान्यास किया। प्रोजेक्ट अलंकार से स्कूलों की तस्वीर बदल जाएगी।

रविवार पहले गोरखपुर में हुए सीएम के कार्यक्रम का ऑनलाइन सीधा प्रसारण दिखाया गया। इसके बाद डीएम ने राजकीय व सहायता प्राप्त विद्यालयों में हो रहे प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि माध्यमिक विद्यालयों में हो रहे प्रोजेक्ट अलंकार से छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने के लिए अच्छी सुविधाएं मिलेंगी। अच्छे वातावरण में छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत कराए गए कार्यों से विद्यालय सुदृढ़ हुए हैं और आसानी से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसी प्रकार प्रोजेक्टर अलंकार से भी माध्यमिक विद्यालयों में भी भवनों, कक्षों व शिक्षा की तस्वीर बदलेगी।

> जिले के नौ माध्यमिक विद्यालयों में हो रहे करीब सवा चार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों का शिलान्यास किया। प्रोजेक्ट अलंकार से स्कूलों की तस्वीर बदल जाएगी।

डीआईओएस वेदराम कौशल ने बताया कि शासन की प्रोजेक्टर अलंकार योजना के तहत दो करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से छह राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और एक करोड़ 75 लाख रुपये से तीन सहायता प्राप्त विद्यालयों में निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इनमें गांव धीमरखेड़ी समेत सारंगपुर, हरथला, मदाला, भुलावई व बेरनी के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा हरीबाबा इंटर कॉलेज गंवा, बीएमजी इंटर कॉलेज चंदौसी व वली मोहम्मद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों का शिलान्यास किया गया है। संचालन डॉ. राजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम में भाजपाइयों में भुवनेश राघव, देवेंद्र सिंह यादव व अवधेश प्रताप सिंह तथा अधिकारियों में सीडीओ भरत कुमार मिश्र, एसडीएम विनय कुमार मिश्र, नीतू रानी, डिप्टी कलक्टर आनंद कटारिया, प्रधानाचार्य सीपी सिंह तथा मोहम्मद जुबैर आदि रहे।

# किसानों के साथ खड़ी योगी सरकार

## बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान , सहायता के लिए कराया जा रहा सर्वे

**लखनऊः** प्राकृतिक आपदा की मार से जूझ रहे किसानों के लिए योगी सरकार संकट मोचक बनी है। योगी सरकार ओलावृष्टि व बारिश के कारण सरसों, मटर, मसूर, गेहूं, चना आदि फसलों के नुकसान का लगातार सर्वे करा रही है। 19 से 28 फरवरी तक के बीच छह जनपदों के लगभग 150 से अधिक गांवों में 33 फीसदी से अधिक फसलों की क्षति का आकलन किया गया है। इसमें बांदा जनपद के पैलानी तहसील के 13 गांवों में 45 फीसदी से अधिक व बबेरू तहसील के तीन गांवों में काफी अधिक क्षति की जानकारी प्राप्त हुई है। इस अवधि (19 से 28 फरवरी) की बारिश के बाद भी होने वाले नुकसान का योगी सरकार आकलन करा रही है। योगी सरकार ने रिपोर्ट के बाद किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं।



निरंतर हो रही बारिश व ओलावृष्टि से निरंतर किसानों की फसलों का नुकसान हो रहा है।
इस नुकसान के लगातार बढ़ने की भी संभावना बनी हुई है। योगी सरकार इस परिस्थिति में अन्नदाता किसानों के साथ खड़ी है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण सरसो, मटर, मसूर, गेहूं, चना आदि की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। 19 से 28 फरवरी तक के जारी आंकड़ों के मुताबिक बांदा जनपद के पैलानी तहसील के 13 गांवों में 45 फीसदी से अधिक व बबेरू तहसील के तीन गांवों में 33 प्रतिशत से अधिक की क्षति का आकलन हुआ है।
राहत आयुक्त जीएस नवीन के मुताबिक फतेहपुर के बिंदकी तहसील के लगभग 10 गांवों में 33 फीसदी से अधिक गेहूं व सरसो की क्षति हुई है।

हमीरपुर तहसील के 51 गांवों में गेहूं, सरसो, चना, मटर आदि की फसलों के नुकसान का आकलन किया गया है। वहीं जालौन में भी इन फसलों से जालौन, उरई व कालपी के गांवों में 33 फीसदी से अधिक नुकसान दर्शाया गया है। कानपुर देहात के रसूलाबाद के लगभग 23 और कानपुर नगर के बिल्हौर तहसील के 27 गांवों में 33 फीसदी से अधिक नुकसान का आकलन किया गया है।

# गौतम बुद्ध नगर :एम्स की तर्ज पर बनेगा 700 बेड का हॉस्पिटल, 800 करोड़ होंगे खर्च



नोएडाः यूपी के गौतम बुद्ध नगरस्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) के परिसर में 700 बेड के हॉस्पिटल का निर्माण कार्य इस महीने के आखिर तक शुरू हो सकता है। अधिकारियों ने बताया कि हॉस्पिटल प्रशासन को इसके लिए 56 एकड़ जमीन मिल गई है।जिम्स के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 700 बेड का हॉस्पिटल व मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से 56 एकड़ जमीन का आधिपत्य उन्हें मिल गया है। गुप्ता ने बताया कि करीब 800 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले हॉस्पिटल की बिल्डिंग का जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जमीन मिलने के बाद जिम्स में एक पुस्तकालय, हॉस्टल, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, संकाय सदस्यों के लिए रहने की व्यवस्था, गहन चिकित्सा इकाई, पैरामेडिकल कॉलेज आदि की सुविधा मिलेगी।

### संक्षेप खबरें

## चंडीगढ़ में भाजपा उम्मीदवार ने जीता सीनियर डिप्टी मेयर का चुनाव

**नई दिल्ली :** विवादों में घिरे चंडीगढ़ मेयर में सुप्रीम कोर्ट के बड़े फैसले के बाद आज सोमवार को चंडीगढ़ में सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव आयोजित करवाया गया है। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। भाजपा के उम्मीदवार कुलजीत सिंह संधु ये चुनाव जीतकर चंडीगढ़ के सीनियर डिप्टी मेयर बन गए हैं। बता दें कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में कदाचार का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने अअढ उम्मीदवार को विजयी घोषित किया था।

**किसे कितने वोट?**

चंडीगढ़ डिप्टी मेयर चुनाव में कुल 36 पार्षदों ने वोटिंग की। इस चुनाव में भाजपा उम्मीदवार कुलजीत सिंह संधु को 19 वोट मिले। वहीं, कांग्रेस–अअढ के उम्मीदवार को 16 वोट मिले। वहीं, चुनाव में 1 वोट अवैध करार दिया गया है। इसके साथ ही कुलजीत सिंह संधु चंडीगढ़ नगर निगम में सीनियर डिप्टी मेयर बन गए हैं।



चंडीगढ़ में 30 जनवरी को मेयर चुनाव आयोजित किए गए थे। इस चुनाव में बीजेपी के मनोज सोनकर ने जीत दर्ज की थी। चुनाव में सोनकर को 16 तो वहीं, कुलदीप कुमार को 12 वोट मिले थे। वहीं, 8 वोट अवैध घोषित कर दिए गए थे। हालांकि, चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए कुलदीप कुमार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

## बुलंदशहर में शादी से लौट रही कार नहर में गिरी, 3 की मौत

**बुलंदशहरः** जिले में बारात से लौट रही एक ईको कार बारिश के चलते नहर में जा गिरी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत होने की बात कही जा रही है, जबकि दो लोग घायल बताए जा रहे हैं। वहीं इस हादसे में तीन लोग अभी भी लापता हैं। बताया जा रहा है कि बारिश की वजह से ये हादसा हुआ और कार नहर में जाकर गिर गई। वहीं अभी भी इस हादसे में 3 लोग लापता बताए जा रहे हैं। लापता लोगों की तलाश के लिए बचाव टीमें लगाई गई हैं। हादसे के समय कार में कुल 8 लोग सवार थे।

बारिश के चलते नहर में गिरी कार

दरअसल, जिले के जहांगीरापुर थाना क्षेत्र में स्थित कपना नहर में रविवार की देर रात एक ईको कार गिर गई। ये हादसा शादी समारोह से लौटते समय हुआ। मृतक के भाई राहुल ने हादसे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आठ लोग शेखपुरा से अलीगढ़ पिसावा शादी समारोह से लौट रहे थे। रास्ते में बारिश भी हो रही थी, जिसके चलते कार नहर में गिर गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं अभी भी तीन लोगों लापता बताए जा रहे हैं। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर डीएम, एसएसपी सहित पुलिस के अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। उधर इस मामले में राहत और बचाव कार्य के लिए टीमों को लगाया गया है। पुलिस ने शव को पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# गाजियाबाद में 200 से ज्यादा लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**गाजियाबादः** यूपी के गाजियाबाद में 200 से ज्यादा लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। ये मामला प्रजापति समाज की यात्रा से जुड़ा हुआ है। दरअसल पुलिस ने जब इस यात्रा को रोकने की कोशिश की थी तो उपद्रवी भीड़ ने पुलिसकर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया।

**क्या है पूरा मामला?**

गाजियाबाद जिले की लिंक रोड पुलिस ने प्रजापति समाज की यात्रा में भाग लेने वाले 217 लोगों पर दंगा करने और निषेधाज्ञा के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार आरोपी 'संकल्प यात्रा' का हिस्सा थे जो भारत के राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपने और आरक्षण और राजनीति में भागीदारी की अपनी मांग पर जोर देने के लिए गाजियाबाद के रास्ते दिल्ली जाना चाहते थे। उन्होंने शुक्रवार रात साहिबाबाद साइट–4 औद्योगिक क्षेत्र में मार्च निकाला। जब पुलिस ने यात्रा को रोकने की कोशिश की तो उपद्रवी भीड़ ने पुलिस कर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया और



सरकारी वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसके कारण पुलिस ने भीड़ को तितर–बितर करने के लिए मामूली बल का प्रयोग किया।पुलिस उपायुक्त (ट्रांस हिंडन) निमिष पाटिल ने रविवार को कहा कि इस संबंध में शनिवार को लिंक रोड पुलिस स्टेशन के प्रभारी द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 147 (दंगा) और 188 (निषेधाज्ञा का उल्लंघन) और अन्य संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।हालांकि, रैली रोक दी गई, लेकिन पुलिस ने शनिवार को प्रजापति समुदाय के पांच लोगों को दिल्ली की ओर जाने की अनुमति दे दी।

# पुलिस ने दिखाई दरियादिली, एनकाउंटर में मारे गए बदमाश की बेटी की कराई से शादी

**जालौनः** यूपी के जालौन में पुलिस की एक नई छवि सामने आई है। पुलिस ने एनकाउंटर में मारे गए बदमाश की बेटी की धूमधाम से शादी कराई है और उसे शादी में ढेर सारे तोहफे भी दिए हैं। इसका वीडियो भी सामने आया है। जिसे देखकर सभी लोग यूपी पुलिस की इस दरियादिली की तारीफ कर रहे हैं।

क्या है पूरा मामला?

जालौन में बीते साल पुलिस ने एक अपराधी एनकाउंटर किया था। लेकिन अब पुलिस ने उसी अपराधी की बेटी की शादी में काफी मदद की है। पुलिस ने बारात की आवभगत में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। पुलिस ने विवाह स्थल पर बारात का जमकर स्वागत किया। इसके बाद बेटी के ऊपर तोहफों की बारिश कर दी।शादी में पुलिस ने बेटी को हर वह सामान उपहार में दिया, जो पिता अपनी बेटी को विदा करते समय देता है। मामला उरई कोतवाली क्षेत्र का है, जहां पिछले साल मई महीने में सिपाही भेदजीत की हत्या में शामिल आरोपी रमेश को एनकाउंर में मार गिराया गया था।

एनकाउंटर में मारे गए आरोपी की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी और उसकी



पुलिस ने एनकाउंटर में मारे गए बदमाश की बेटी की धूमधाम से शादी कराई है और उसे शादी में ढेर सारे तोहफे भी दिए हैं। इसका वीडियो भी सामने आया है। जिसे देखकर सभी लोग यूपी पुलिस की इस दरियादिली की तारीफ कर रहे हैं।

बेटी शिवानी भी विवाह योग्य थी। जिसके बाद जालौन पुलिस ने उसकी शादी का बीड़ा उठाया। 2 मार्च को शिवानी का विवाह हुआ और उरई के ही जानकी पैलेस उत्सवग्रह में उसकी बारात आई।

जालौन पुलिस ने धूमधाम के साथ बारात का स्वागत किया। पुलिस ने बेटी को उपहार में टीवी, फ्रिज, बाइक समेत हर वह सामान दिया जो आम तौर पर पिता अपनी बेटी को देते हैं।

आवश्कता, नाम परिवर्तन, खोया–पाया, सार्वजनिक सूचना विज्ञापन कम दरों में

सब का सपना क्लासीफाइड के साथ लाखों तक पहुँचाइये अपनी बात

अपना विज्ञापन बुक करवाने के लिये संपर्क करें –94568843327

# यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**उत्तर प्रदेश** पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में यूपी एसटीएफ ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यूपी एसटीएफ ने 17 और 18 फरवरी 2024 को आयोजित की गई आरक्षी पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा में सेंधमारी कर पेपर आउट कराने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम क्रमशः अजय सिंह और सोनू सिंह यादव हैं। दोनों आरोपी प्रयागराज के रहने वाले हैं। अजय सिंह चौहान तेज प्रताप सिंह चैहान प्रयागराज के फाजिलपुर का निवासी है। वहीं, सोनू सिंह यादव पुत्र गुलाब सिंह यादव प्रयागराज के करौंजा गांव की निवासी है।

विभूतिखंड इलाके से किया अरेस्ट

पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली कि माफिया गिरोह के दो सदस्य जो 17 और 18 फरवरी 2024 को हुई उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के पेपर आउट में शामिल थे, वे कहीं भागने की फिराक में हैं। इस सूचना के मिलते ही उप निरीक्षक हरीश सिंह चैहान के नेतृत्व में टीम ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। यूपी रळा दोनों आरोपियों को लखनऊके विभूतिखंड इलाके से अरेस्ट किया गया है। इन दोरों के पास से 2 अदद मोबाइल फोन, 32 वर्क कागजात (प्रवेश पत्र, परीक्षा के सम्बंध मे वार्ता व अन्य) आदि चीजें बरामद हुईं। रळा ने विभूतिखंड थाना में आरोपियों को दाखिल किया और कार्रवाई शुरू की।

**'हम पेपर पलब्ध कराने के लिए मोटी रकम वसूलते'**

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त अजय सिंह उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि हम लोगों का एक गिरोह है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल कराने एवं साल्वर बैठाने का काम करता है। इस गिरोह में सोनू, राजन यादव व सुशील भारती शामिल है। ये सभी प्रयागराजल जिले से ही हैं। उसने बताया कि हम लोग अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले पेपर उपलब्ध कराने के लिए मोटी रकम वसूलते हैं, तथा पैसा इकट्ठा करके सक्रिय गिरोहों के माध्यम से परीक्षा का पेपर प्राप्त करके अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराते हैं।

# कानपुर में गैंगरेप के बाद दो लड़कियों का शव पेड़ से लटका मिला, 3 आरोपी हिरासत में

**उत्तर प्रदेश** के कानपुर में दो नाबालिग लड़कियों का शव पेड़ से लटका मिला है। मामला घाटमपुर कोतवाली के एक गांव का है। मिली जानकारी के अनुसार, लड़कियों का शव गेहूं के खेत में बेर के पेड़ पर दुप्पटे के सहारे लटका मिला। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। परिजनों ने एक भट्ठे के ठेकेदार के लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगाया है।

तीन आरोपी हिरासत में लिए गए

परिजनों के आरोप पर कानपुर पुलिस ने नाबालिक बच्चियों के साथ गैंगरेप, पॉस्को और आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में केस दर्ज किया है। पुलिस तीनों नामजद आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस व फोरेंसिक टीम मामले की जांच में जुटी हैं। हिरासत में लिए गए आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

सुसाइड या मर्डर जांच कर रही पुलिस

पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आरोपियों ने नाबालिग लड़कियों को




गैंगरेप के बाद पेड़ से लटकाया या फिर लड़कियों ने आत्महत्या की। फिलहाल पुलिस अभी इसे आत्महत्या ही मान रही है। इसलिए धारा 306 के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी साउथ जोन रविन्द्र कुमार ने बताया कि घाटमपुर कोतवाली के एक गांव में स्थित भट्ठे के पास लड़कियों का पेड़ से लटका शव मिला है।

परिजनों ने भट्ठे पर काम करने वाले तीन लोगों गैंगरेप करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच की जा रही है। दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा। पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

# तंबाकू व्यापारी के घर छापेमारी में मिला सालों पुराना प्रिया स्कूटर

**कानपुर** के तंबाकू व्यापारी केके मिश्रा के यहां इनकम टैक्स विभाग की टीम ने गुरुवार को छापा मारा। इस छापेमारी में आयकर विभाग ने करोड़ों रुपये कैश, कई लग्जरी गाड़ियां, डायमंड जड़ति घड़ियों को भी जब्त किया गया है। इन गाड़ियों में रॉल्स रॉयस, पोर्श, फरार, मैक्लरेन इत्यादि गाड़ियां शामिल हैं। लेकिन आयकर विभाग को एक गाड़ी और मिली है। इन सभी गाड़ियों का नंबर 4018 है। लेकिन सवाल ये है कि आखिर क्यों इन सभी गाड़ियां का नंबर 4018 है। क्या इसके पीछे कोई कहानी है। जी हां, इसके पीछे एक कहानी तो जरूर है।

**तंबाकू व्यापारी के घर पर मिला प्रिया स्कूटर**

दरअसल तंबाकू व्यापारी के घर छापेमारी में जहां कई महंगी और लग्जरी गाड़ियां मिलीं, वहीं एक बजाज का प्रिया स्कूटर भी मिला। तंबाकू व्यापारी के यहां आज भी छापेमारी जारी है। बंशीधर तंबाकू कंपनी के मालिक केके मिश्रा के दिल्ली स्थित बंगले में 50 करोड़ से अधिक की कीमत की गाड़ियां मिलीं। इसे देखकर सभी की आंखें चौंधिया गईं। लेकिन गाड़ियों के साथ आयकर विभाग को एक प्रिया स्कूल भी मिला। ये स्कूटर काफी पुराना है, लेकिन






भी अपने संघर्ष के दिनों में प्रिया स्कूटर पर घूमा करते थे, जिसे उन्होंने खरीदा था। परिवार के मुताबिक यह स्कूटर उनके लिए काफी लकी साबित हुआ है। यही कारण है कि करोड़ों रुपये की गाड़ी होने के बावजूद इस स्कूटर को सजाकर रखा गया है। यही नहीं ये स्कूटर पूरी तरह सही–सलामत है।

आजतक उसे संभालकर तंबाकू कंपनी के मालिक ने रखा है। जब लग्जरी गाड़ियों की तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हुई तो लोगों ने पाया की सभी गाड़ियां का नंबर 4018 है।

**क्या है प्रिया स्कूटर के पीछे की कहानी**

वहीं जो प्रिया स्कूटर बरामद हुआ है, उसका नंबर भी 4018 है। बता दें कि ये स्कूटर उस वक्त का है जब कंपनी के मालिक केके मिश्रा का बिजनेस अपने शुरुआती दौर में था। वह भी अपने संघर्ष के दिनों में प्रिया स्कूटर पर घूमा करते थे, जिसे उन्होंने खरीदा था। परिवार के मुताबिक यह स्कूटर उनके लिए काफी लकी साबित हुआ है। यही कारण है कि करोड़ों रुपये की गाड़ी होने के बावजूद इस स्कूटर को सजाकर रखा गया है। यही नहीं ये स्कूटर पूरी तरह सही–सलामत है। यहां तक की उसकी पॉलिश और सिल्वर कोटिंग भी दोबारा कराई गई है ताकि स्कूटर एकदम नया दिखे। सूत्रों के मुताबिक आयकर विभाग की रेड अपने आखिरी दौर में हैं। अबतक कैश और ज्वैलरी मिलाकर 11 करोड़ रुपये के सामान जब्त हुए हैं। वहीं करोड़ों की घड़ियां भी बरामद हुई हैं। जानकारी के मुताबिक रविवार की शाम तक टैक्स की रेड खत्म हो सकती है।

सब का सपना

के प्रकाशन के संबंध में सूचना

फार्म –4

(नियम 8 देखिए)

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थान | – | अमरोहा (यूपी) |
| 2. प्रकाशन अवधि | – | साप्ताहिक |
| 3. मुद्रक का नाम | – | अनुज कुमार |
| क्या भारत का नागरिक है ? | – | हां |
| यदि विदेश है तो मूल देश | – | XXXXXX |
| पता– | – | ग्राम बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी जिला अमरोहा (यूपी) |
| 4. प्रकाशक का नाम | – | अनुज कुमार |
| क्या भारत का नागरिक है ? | – | हां |
| (यदि विदेश है तो मूल देश) | – | XXXXXX |
| पता– | – | ग्राम बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, जिला अमरोहा (यूपी) |
| 5. संपादक का नाम | – | अनुज कुमार |
| क्या भारत का नागरिक है ? | – | हां |
| (यदि विदेश है तो मूल देश) | – | XXXXXX |
| पता– | – | ग्राम बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, जिला अमरोहा (यूपी) |
| 6. उन व्यक्तिओं के नाम व पते जो समाचार –पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | – | अनुज कुमार ग्राम बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, जिला अमरोहा(यूपी) |

मैं अनुज कुमार एतद्द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एंव विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

दिनांक 04 मार्च 2024

ह/– अनुज कुमार
प्रकाशक

# पीएम ने अभी से प्लान किए नयी सरकार के काम

## मंत्रिपरिषद की बैठक में दिया रोडमैप, अगले 5 वर्षों के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर मंथन किया



**नई दिल्ली** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की है। इस बैठक में ''विकसित भारतः 2047'' के लिए दृष्टि पत्र और अगले 5 सालों के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर मंथन किया गया। सरकार के सूत्रों ने बताया कि बैठक में, मई में नयी सरकार के गठन के बाद तुरंत उठाए जाने वाले कदमों के लिए 100 दिवसीय एजेंडे के शीघ्र क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि ''विकसित भारत'' के लिए 'रोडमैप' दो साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है।

सूत्रों ने ये भी बताया कि इस मीटिंग में सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों,उद्योग संगठनों, नागरिक समाज संस्थाओं, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श और युवाओं के सुझावों को समाहित करते हुए ''सरकार का समग्र'' दृष्टिकोण शामिल है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, ''विभिन्न स्तरों पर 2,700 से अधिक बैठकें, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए गए। 20 लाख से अधिक युवाओं से सुझाव प्राप्त हुए।'' यह बैठक लोकसभा चुनाव की तारीखों की निर्वाचन आयोग द्वारा घोषणा किए जाने से पहले इस तरह की संभवतः आखिरी बैठक है।ये होगा मोदी की अगली सरकार का प्लान

सूत्रों ने कहा कि ''विकसित भारत'' के लिए रोडमैप में स्पष्ट रूप से व्यक्त की गई राष्ट्रीय दृष्टि, आकांक्षाएं, लक्ष्य और कार्यों के साथ एक व्यापक खाका है। उन्होंने कहा कि इसके लक्ष्यों में आर्थिक विकास, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), जीवन को आसान बनाना, व्यापार करने में आसानी, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्र शामिल हैं। बैठक में कई मंत्रालयों ने अपने विचार व्यक्त किए। चुनाव से पहले बेहद अहम है ये बैठक

इतना ही नहीं इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपनी सरकार की 10 साल की सफलताओं पर भी बात की गई। प्रधानमंत्री समय-समय पर नीति और शासन से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मंत्रिपरिषद की बैठकें करते रहे हैं, लेकिन रविवार की बैठक अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिहाज से महत्वपूर्ण है। निर्वाचन आयोग द्वारा कुछ हफ्तों में लोकसभा चुनाव तारीखों की घोषणा किये जाने की संभावना है।

बैठक में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपनी सरकार की 10 साल की सफलताओं पर भी बात की गई। प्रधानमंत्री समय–समय पर नीति और शासन से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मंत्रिपरिषद की बैठकें करते रहे हैं, लेकिन रविवार की बैठक अप्रैल–मई में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

# झारखंड में गैंगरेप का शिकार हुई स्पेनिश महिला ने सुनाई खौफनाक दास्तां



**दुमकाः** शुक्रवार 2 मार्च को झारखंड के दुमका में कुछ ऐसा हुआ, जिससे पूरा देश शर्मसार हो गया। हमारे यहां अतिथियों को भगवान का दर्जा दिया जाता है। लेकिन यहां कुछ ऐसा हो गया, जिसने हमारी इस मान्यता पर ही सवालिया निशान लगा दिए। दरअसल दुमका के कुंजी गांव में स्पेनिश महिला के साथ गैंगरेप हुआ और उसके पति के साथ मारपीट की गई।

इस मामले में अब तक तीन लोग गिरफ्तार

मामला पुलिस के पास पहुंचता है और शनिवार को।क्फ़्दर्ज होती है। पुलिस अब तक इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस को अभी भी चार अन्य आरोपियों की तलाश है। वहीं इस कुकृत्य का शिकार बनी महिला ने अपनी आपबीती बताई है। महिला ने बताया कि पहले 2 लोग आए, फिर फोन कर 5 लोगों को बुलाया। सभी ने उनके साथ मारपीट की। फिर पति के हाथ बांधकर करीब ढाई घंटे तक सभी ने बारी-बारी से रेप किया।

महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह और उसका पति बांग्लादेश होते हुए झारखंड के दुमका पहुंचे थे। रात होने पर पति के साथ एक खेत में टेंट लगाकर आराम कर थी तभी उसके साथ वारदात हुई। महिला ने बताया कि बताया कि शुक्रवार को शाम के 7 बजे के करीब दोनों पति-पत्नी टेंट में थे, तभी बाहर से आवाज सुनाई दी।

# अतिक्रमण कर बना है आम आदमी पार्टी का ऑफिस, 15 जून तक करें खालीः सुप्रीम कोर्ट





**नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कई नेताओं के जेल जाने के बाद अब पार्टी को अपना केंद्रीय कार्यालय ही खाली करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए पार्टी को अपना दफ्तर खाली करना का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि लोकसभा चुनावों को देखते हुए 15 जून तक का वक्त दिया जाता है।

कोर्ट ने अपना आदेश सुनाते हुए कहा कि यह दिल्ली हाईकोर्ट को दी गई जमीन पर अतिक्रमण है। इस जमीन का उद्देश्य राउज एवेन्यू कोर्ट के लिए अतिरिक्त कोर्टरूम का निर्माण करना है। वहीं आम आदमी पार्टी की तरफ से पक्ष रखते हुए वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि 2015 के दौरान यह आप को यह जमीन दी गई थी। पार्टी देश की 6 राष्ट्रीय पार्टियों में से एक है और उसे भूखंड की जरुरत है।

इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अअढ नए दफ्तर के लिए सरकार को आवेदन दे सकती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि संबंधित विभाग अअढ के आवेदन पर 4 सप्ताह में फैसला ले। बता दें कि इस मामले में 14 फरवरी को भी सुनवाई हुई थी। इस दौरान चीफ जस्टिस ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि इसमें कानूनों को तोड़ा जा रहा है और वह इसकी इजाजत किसी को भी नहीं दे सकते हैं।गौरतलब है कि कोर्ट में एक याचिका दाखिल करके कहा गया था कि आप का दफ्तर दिल्ली हाईकोर्ट को आवंटित राउज एवेन्यू के प्लॉट पर चल रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट से आसाराम को नहीं मिली राहत



**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने रेप के मामले में सजा काट रहे स्वयंभू बाबा आसाराम की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। जान्कारी के मुताबिक आसाराम ने स्वास्थ्य के आधार पर सजा निलंबित करने का सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। वहीं आसाराम को पुलिस हिरासत में महाराष्ट्र के अस्पताल में इलाज कराने के लिए राजस्थान हाईकोर्ट का रुख करने के लिए कहा है।

आसाराम ने खराब सेहत का हवाला देकर सुप्रीम कोर्ट से राहत मांगी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत से मिली उम्रकैद की सजा के खिलाफ आसाराम की याचिका पर राजस्थान हाईकोर्ट तेजी से सुनवाई करे। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि इलाज को लेकर राहत के लिए वे राजस्थान हाईकोर्ट में अर्जी दें।आसाराम कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित

इससे पहले सितंबर 2023 में भी सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम को जमानत देने से इनकार कर दिया था। राजस्थान हाईकोर्ट से जमानत की अर्जी खारिज होने के बाद आसाराम के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी थी। राजस्थान हाईकोर्ट ने वर्ष 2022 में आसाराम को जमानत देने से इनकार कर दिया था। आसाराम की उम्र करीब 81 साल हो गई है और वह कई गंभीर बीमारियों से पीड़ति है। आसाराम 2013 में राजस्थान स्थित अपने आश्रम में एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के अन्य मामले में वर्तमान में जोधपुर जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। अहमदाबाद के पास मोटेरा स्थित अपने आश्रम में 2001 से 2007 तक सूरत की रहने वाली एक शिष्या से कई बार बलात्कार करने के मामले में गांधीनगर की अदालत ने आसाराम को सजा सुनाई है।

## प्यार में आहत युवक, तीन छात्राओं के चेहरे पर फेंका तेजाब, बुरी तरह झुलसी




**नई दिल्लीः** दक्षिण कन्नड़ जिले के कड़ाबा कस्बे में स्थित एक सरकारी कॉलेज में एक युवक ने तीन छात्राओं पर तेजाब फेंक दिया, जिससे तीनों झुलस गईं और इनमें से एक की हालत गंभीर है। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने बताया कि युवक की पहचान केरल के मलप्पुरम जिले के नीलांबुर के रहने वाले 23 वर्षीय आबिन शिबी के रूप में हुई है।

दक्षिण कन्नड़ जिले के पुलिस अधीक्षक रिष्यंथ ने बताया, ''केरल के मलप्पुरम जिले के नीलांबुर तालुक के रहने वाले 23 वर्षीय युवक आबिन की मलप्पुरम जिले की रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा से पहले से पहचान थी, छात्रा बाद में कड़ाबा में सरकारी प्री यूनिवर्सिटी कॉलेज में पढ़ने आ गई।'' पूछताछ के दौरान आबिन ने पुलिस को बताया कि पीड़ितों में से एक छात्रा ने उसके प्रेम प्रस्ताव को ठुकरा दिया था, जिससे आहत होकर उसने यह बड़ा कदम उठाया। हमलावर ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि उसने केवल लड़की को निशाना बनाया था, लेकिन तेजाब उसके पास बैठी अन्य दो लड़कियों पर भी गिर गया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ₹दो अन्य लड़कियां मामूली रूप से झुलस गई हैं।" एक पुलिस अधिकारी ने कहा, "इस घटना के बाद लड़कियों को एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। छात्राएं कॉलेज के गलियारे में बैठकर प्री-यूनिवर्सिटी कोर्स (पीयूसी) परीक्षा की तैयारी कर रही थीं, उसी दौरान एक युवक ने उन पर तेजाब फेंक दिया।'' पुलिस ने कहा कि युवक ने अपनी पहचान छिपाने के लिए नकाब और टोपी पहन रखी थी।

### संक्षेप खबरें

## महिलाओं को 1500 रुपये मिलेगा मासिक पेंशन, सीएम सुक्खू ने लागू किया चुनावी वादा



**नई दिल्ली** : : हिमाचल के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने महिलाओं के लिए 1500 रुपये मासिक पेंशन का ऐलान किया. उन्होंने कहा कि 18 साल से 80 साल की महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा. मीडिया को संबोधित करते हुए सीएम सुक्खू ने कहा कि जब हम हिमाचल प्रदेश में सत्ता में आये थे तो प्रदेश आर्थिक रूप से कमजोर स्तिथि में था. लेकिन हमारी सरकार ने हिमाचल प्रदेश को आगे ले जानेका काम किया है. हमने ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू किया. हमने प्रदेश सरकार के कर्मचारियों के लिए कई योजनाएं चालू की.

सीएम ने कहा, 18 साल से ऊपर से लेकर 80 साल तक की सभी महिलाओं को हम इस वित्तीय वर्ष में 1500 रुपये मासिक पेंशन देने की घोषणा करते हैं. इस योजना का नामकरण 'इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना' किया गया है.

सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कैबिनेट के निर्णय के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की. उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, "तकरीबन एक वर्ष पहले कांग्रेस की सरकार बनी. कांग्रेस की सरकार बनने की बाद जिस प्रकार की आर्थिक परिस्थितियां हिमाचल प्रदेश में थीं. हमने उस पर नियंत्रण पाया. जिस प्रदेश पर 75 हजार करोड़ का कर्ज हो, 10 हजार करोड़ कर्मचारियों की लाइबिलिटि हो, रोजमर्रा के लिए पैसा न हो. अपनी नीतियों और कार्यक्रम के द्वारा उसका सामना किया. प्रदेश में आपदा आई. हमने कल्पना भी नहीं की थी कि इतिहास की इतनी बड़ी आपदा देखने को मिलेगी.

## प्रतापगढ़ में अनोखी शादी, हेलीकॉप्टर से दुल्हनिया ले गया दूल्हा, विदाई देखने उमड़ी भीड़



**प्रतापगढ़** में दुल्हन की विदाई देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा. दूल्हा दुल्हन को हेलीकॉप्टर से विदा कर ले गया. विवाह समारोह का आयोजन रानी राम प्रिया गार्डन में हुआ. हेलीकॉप्टर में दुल्हन के साथ दूल्हा और ननद भी मौजूद थी. हेलीकॉप्टर देखने के लिए ग्रामीण उमड़ पड़े. हैलीपैड पर पुलिसकर्मी और दमकल विभागों की टीम भी मौजूद रही. हेलीकॉप्टर की लैंडिंग से पहले प्रतापगढ़ पुलिस ने हैलीपैड स्थल को कब्जे में ले लिया था.

पट्टी तहसील के उपाध्यायपुर ग्राम निवासी कृपाशंकर तिवारी ने बेटी का रिश्ता मल्टीनेशनल कंपनी में सीनियर इंजीनियर से किया था. शिवा ने सतीश पांडेय के साथ सात फेरे लिए. सत्यप्रकाश पांडेय बेटे की बारात लेकर सुल्तानपुर से आए थे. रानी राम प्रिया गार्डन में शादी समारोह का आयोजन संपन्न हुआ. दूल्हा-दुल्हन को मेहमानों ने शादी की मुबारकबाद दी. विवाह संपन्न होने के बाद कृपाशंकर तिवारी पैतृक गांव उपाध्यायपुर से बेटी को विदा किया. हेलीकॉप्टर में बिठाकर दुल्हन बनी बेटी शिवा की विदाई पिता ने की. भावुक मन से परिजनों ने बेटी को ससुराल के लिए विदा किया. दुल्हन के साथ दूल्हा और ननद हेलीकॉप्टर में सवार हुए.

## राख के ढेर में समाई चार जिंदगियां, कार पर ट्रक के पलटने से हादसा

**सोनभद्र** में राख लदे ट्रक के कार पर पलटने से भीषण सड़क हादसा हो गया. कार सवार चार लोगों की दबकर दर्दनाक मौत हो गई. हादसा पिपरी थाना क्षेत्र अन्तर्गत शक्तिनगरझवाराणसी मुख्य मार्ग पर मकरा गांव के पास हुआ. मृतकों की पहचान सिंगरौली निवासी दीपक कुमार शर्मा, रामायण शर्मा, रीता शर्मा और सुकवारी देवी के रूप में हुई है. ऑल्टो सवार चारों लोग एक ही परिवार के थे. दर्दनाक हादसे से परिजनों में मातम का माहौल है.

परिवार के चारों लोग घर से वाराणसी के लिए रविवार की सुबह निकले थे. रास्ते में रेणुकूट से एक और रिश्तेदार को सवार होना था. रेणुकूट वाले रिश्तेदार को इंतजार करते काफी समय हो गया. उन्होंने कार सवार लोगों के फोन नंबर पर संपर्क साधने की कोशिश की. कार सवार चारों का मोबाइल बंद मिला. परेशान रिश्तेदार ने पुलिस चौकी पर चारों लोगों के संपर्क नहीं होने की बात बताई. दोपहर से चारों लोग लापता बताए जा रहे थे. रिश्तेदार को चारों लोगों का पता करने में 12 घंटे लग गए.

# चुनावी मोड में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, 10 दिन में करेंगे 12 राज्यों के दौरे



**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनावों के ऐलान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी मोड में आ गए हैं। वह अगले 10 दिनों में 12 राज्यों के दौरे करेंगे। इस दौरान वह तम परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही वह कई जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे। माना जा रहा है कि चुनाव आयोग के द्वारा चुनावी कार्यक्रम के ऐलान से पहले पीएम पूरे देश के दौरा करना चाह रहे हैं। इससे वह आगामी चुनावों से पहले देशवासियों का मूड जानना चाहते हैं।

बता दें कि हाल ही में प्रधानमंत्री दक्षिण राज्य केरल, तमिलनाडु के साथ महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा कर चुके हैं। अब अगले 10 दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर के 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 29 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इनमें तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू और कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली शामिल हैं।

इसी क्रम में पीएम मोदी अब 4 से 7 मार्च तक पांच राज्यों का मैराथन दौरा करने वाले हैं, जिनमें तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी तेलंगाना पहुंचेंगे। जहां सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे वह आदिलाबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी 11.15 पर वहां एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद वो तमिलनाडु का दौरा करेंगे। जहां पहले वह कलपक्कम में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद शाम सवा पांच बजे वो चेन्नई में जनसभा को संबोधित करेंगे।

अगले दिन मंगलवार 5 मार्च को सुबह पौने ग्यारह बजे संगारेड्डी में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद सुबह साढ़े ग्यारह बजे यहां जनसभा को भी संबोधित करेंगे। पांच मार्च को पीएम मोदी दोपहर ढाई बजे ओडिशा के चंडीखोल जाजपुर में परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के साथ-साथ जनसभा को संबोधित करेंगे। हालांकि वह लगातार मैराथन दौरा कर रहे हैं लेकिन बुधवार छह मार्च को पीएम मोदी प्रधानमंत्री कोलकाता में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

निकलेंगे और बेतिया में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। 7 मार्च को पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर जाएंगे। वह सुबह साढ़े ग्यारह बजे श्रीनगर के एसकेआईसीसी स्टेडियम में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। यहां मिशन 370 प्लस सीट को लेकर एक चुनावी रैली को भी संबोधित करेंगे।बताया जा रहा है कि पीएम मोदी की इस विशाल रैली में 2 लाख से अधिक लोग शामिल हो सकते हैं। 8 मार्च को प्रधानमंत्री दिल्ली में पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार में हिस्सा लेंगे। उसी दिन शाम को प्रधानमंत्री असम जाएंगे। 9 मार्च को प्रधानमंत्री अरुणाचल प्रदेश की यात्रा पर होंगे। वहां पीएम सेला सुरंग का उद्घाटन करेंगे। फिर, पीएम मोदी ईटानगर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

मिशन 370 प्लस सीट को लेकर एक चुनावी रैली को भी संबोधित करेंगे।बताया जा रहा है कि पीएम मोदी की इस विशाल रैली में 2 लाख से अधिक लोग शामिल हो सकते हैं। 8 मार्च को प्रधानमंत्री दिल्ली में पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार में हिस्सा लेंगे। उसी दिन शाम को प्रधानमंत्री असम जाएंगे। 9 मार्च को प्रधानमंत्री अरुणाचल प्रदेश की यात्रा पर होंगे। वहां पीएम सेला सुरंग का उद्घाटन करेंगे।

संपादकीय

## क्या शाकाहार है समस्या का समाधान?

लंबे वक्त तक यह माना जाता रहा कि गुफा में रहने वाले मानव सिर्फ मांस खाते थे. लेकिन अब यह भ्रम सिद्ध हुआ है. वैज्ञानिकों का कहना है कि आदिम युग के इंसान फल, फलों के गूदे, कंद-मूल और मांस खाते थे. मनुष्य जानवरों से खुद की रक्षा करने हेतु पत्थर के हथियार बनाये. धीरे धीरे पेट भरने के लिए उनका शिकार करना सिखा, फिर कुछ को पालतू बनाया और धीरे धीरे मानव सभ्यता की गाड़ी चल निकली. यूनीलीवर कंपनी के लिए शोध कर रहे वैज्ञानिक डॉक्टर मार्क बेरी कहते हैं कि पाषाण युग के आहार में कई तरह के पौधे शामिल थे. आज हम एक दिन ज्यादा से ज्यादा एक सब्जी या पांच फल खा लेते हैं, वे लोग एक दिन में 20 से 25 प्रकार के पेड़ पौधों यानी साग सब्जी खाया करते थे.

> जाने-अनजाने में मांस की कम खपत पृथ्वी के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छी बात है, क्योंकि आज संपूर्ण विश्व जिस नाजुक पड़ाव पर आ पहुँचा है वहां दुनिया को भारत से सीखने की जरूरत है कि शाकाहारी खाने को अपनाकर हम अपनी पृथ्वी और अपने पर्यावरण को बचा सकते हैं.

आज जबकि मानव जाति ने मांसाहार को आत्मसात कर लिया है तब आँकड़ों पर नज़र डालने पर गौरतलब है कि भारत में साल में प्रति व्यक्ति मांस की औसत खपत 3 किलो है, वही रूस में एक आदमी सालाना औसतन 76 किलो मांस खा जाता है. जर्मनी में यह आंकड़ा 87 किलो के आसपास है वहीं अमेरिका में प्रति व्यक्ति प्रति साल मांस की खपत है 127 किलो. यह आंकड़े साफ करते हैं कि पश्चिमी देशों में मांस भोजन का आधार है. आज अपनी प्रोटीन की जरूरतों को देखते हुए मनुष्य ने ज्यादा से ज्यादा मांसाहार को अपना लिया है फिर भी आँकडो से स्पष्ट है कि भारत दुनिया के सबसे कम मांस खाये जाने वाले देशो में शामिल है. यहाँ तक कि आदिम महादेश माने जाने वाले अफ्रीका में भी मांस की प्रति व्यक्ति सालाना खपत पश्चिमी देशो के मुकाबले बहुत कम मात्र 17 किलो ही है. जाने-अनजाने में मांस की कम खपत पृथ्वी के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छी बात है, क्योंकि आज संपूर्ण विश्व जिस नाजुक पड़ाव पर आ पहुँचा है वहां दुनिया को भारत से सीखने की जरूरत है कि शाकाहारी खाने को अपनाकर हम अपनी पृथ्वी और अपने पर्यावरण को बचा सकते हैं.

कुछेक क्षेत्रों को छोड़ सभ्यता के विकासक्रम में दुनिया भर में मांस खाने को स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक माना गया और जैसे-जैसे दुनिया की आबादी और आर्थिक विकास बढ़ता गया दुनिया में मांस की मांग भी तेजी से बढ़ती गई. 1968 में तीन अरब आबादी वाली दुनिया में मांस की सालाना खपत सात करोड़ मीट्रिक टन थी यानि प्रति व्यक्ति सालाना औसतन 23 किलो मांस खाता था वही 2018 आते-आते जब दुनिया की आबादी बढ़ कर 7.6 अरब हो गयी और मांस की सालाना खपत पांच गुणा बढ़कर 35 करोड़ मीट्रिक टन हो गयी. इस हिसाब से प्रति व्यक्ति मांस का



सालाना खपत 40 किलो का औसत बैठता है, यानि मांस की खपत बढ़ते जनसँख्या के साथ लगभग दो गुणा बढ़ी.मांस की जितनी मांग बढ़ेगी उतने ही ज्यादा खाने लायक जानवरों की जरूरत होगी, जिन्हें पालने के लिए बहुत सारी जमीन, ढेर सारा चारा, उसी हिसाब से पानी चाहिए. यानि मवेशी पालन का सीधा असर कृषि लायक जमीन और पानी पर हो रहा है. जर्मन पर्यावरण एजेंसी का कहना है कि दुनिया में खेती के लायक जितनी भी जमीन है उसका 71 प्रतिशत हिस्सा या तो मवेशियों का चारा उगाने या फिर बिना किसी इस्तेमाल के है.

# इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के भंवर में डूबता बचपन

डॉ. सुभाष कुमार

**ऑनलाइन प्लेटफार्म के विषय-वस्तु इस तरह से तैयार किये जाते हैं कि वो बच्चों को अन्य लोगों के जीवन या शरीर के बारे में ऐसे विचार बनाने के लिए प्रेरित करें जो यथार्थवादी नहीं हैं. वैज्ञानिकों ने पाया है कि बच्चों द्वारा सोशल मीडिया का अति प्रयोग उसी प्रकार के उत्तेजना पैटर्न का सृजन करता है जैसा अन्य एडिक्शन व्यवहारों से उत्पन्न होता है। आज बहुत सारे बच्चे व्हाट्सअप, फेसबुक, मेसेंजर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम एडिक्ट डिसऑर्डर के शिकार हो चुके हैं.**

यह ठीक है कि मोबाइल सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स कई दृष्टि से जीवन में गुणात्मक परिवर्तन का माध्यम बने हैं, किन्तु विगत कुछ समय में बच्चों के बीच सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर कई खबरें ऐसी आयी हैं जो न सिर्फ रोंगटे खड़ी करती हैं बल्कि संपूर्ण समाज को यह सोंचने के लिए बाध्य करती हैं कि आखिर सामाजिक संस्कारों, पारिवारिक मूल्यों, आदर्शों, परम्परों से दूर होते हमारे समाज की दशा और दिशा क्या होगी. मोबाइल के इस्तेमाल को लेकर बच्चों की जिद कब जूनून बनी और कब इस जूनून ने हत्या और आत्महत्या करने तक की प्रवृति को बढ़ा दिया, इसका पता ही नहीं लगा. बच्चों की इसी लत, जिद, जूनून और सम्मोहन का फायदा सोशल मीडिया के कई माध्यम और गेमिंग ?प्लिकेशन्स लगातार उठा रहे हैं.

रील की मृगमरीचिका में रियल से दूर होने का दंश बच्चों के जीवन को हर तरह से प्रभावित करने लगा है. बार बार स्टैट्स चेक करने से लेकर कई मीडिया माध्यमों पर अपडेट रहने की आदत बच्चों के अंदर एक अजीब- सी बेचैनी को जन्म देती है जो धीरे-धीरे उनके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर उनके सम्पूर्ण व्यक्तित्व को परिवर्तिति कर देता है. वर्चुअल और यथार्थ की दुनिया के अंतर को बच्चे समझ नहीं पाते और फिर उस भंवर में उलझते जाते हैं जहाँ से वापस आना संभव नहीं.

किसी चीज़ की लत पड़ने का अभिप्राय है उसके प्रति अपनी मानसिक और जज़्बाती ज़रूरतों के लिए निर्भर हो जाना और बच्चों के सन्दर्भ में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट को लेकर यही हो रहा है. यह लत अन्य किसी भी लत से ज्यादा खतरनाक है जो व्यक्तिगत स्तर से लेकर पारिवारिक और सामाजिक स्तर तक दीर्घकाल के लिए सबको प्रभावित करती है. बाल्य या किशोर अवस्था में निरंतर गैजेट्स का इस्तेमाल शारीरिक और मानसिक रूप से कैसे कमजोर करती है, इसको इस बात से समझा सकता है कि मोबाइल या कंप्यूटर की स्क्रीन से निकलने वाली नीली रौशनी हमारे शरीर की बॉडी क्लॉक को कंट्रोल करने वाले हारमोन मेलाटोनिन का रिसाव रोकती है. मेलाटोनिन हमें नींद आने का एहसास कराता है. मगर इसका रिसाव रुक जाने की वजह से हम देर तक जागते रहते हैं. और जब नींद ठीक से नहीं लेते तो फिर डिप्रेशन, एंग्जायटी जैसे मानसिक तनाव की समभावना बढ़ जाती है.


पूर्वी यूरोपीय देश हंगरी में सोशल मीडिया एडिक्शन स्केल नाम का पैमाना बनाया गया है. इसके ज़रिए पता लगाते हैं कि किसे सोशल मीडिया की कितनी लत है. इस स्केल की मदद से पता चला कि सोशल मीडिया की लत के शिकार लोगों को खुद पर भरोसा बहुत काम या नहीं के बराबर होता है. उनमें से ज्यादातर लोग डिप्रेशन के भी शिकार हो चुके हैं. सोने से पहले टैबलेट या लैपटाप जैसे गैजेट्स का इस्तेमाल आम बात है. ऐसा करने वालों में युवाओं और बच्चों का प्रतिशत बहुत अधिक है. बच्चे सोने वक्त अवचेतन अवस्था में उन विषय-वस्तु का शिकार होते हैं जो वो सोते वक्त इन इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पर देखते है.कई मनोचिकत्सकों का मानना है कि इस तरह के गेम बच्चों के अंदर ऐसी तीव्र उत्सुकता पैदा कर देते हैं कि वो इसे एक चुनौती के रूप में लेने लगते हैं और फिर किसी हद तक चले जाते हैं. अभी ज्यादा दिन नहीं हुए जब एक ऑनलाइन गेम ब्लू व्हेल ने पूरी दुनिया में दहशत मचा रखी थी जिसके कई सारे केस हमारे देश में भी दिखे. मोबाइल, लैपटॉप या डेस्कटॉप पर खेले जानेवाले इस गेम में प्रतियोगियों को 50 दिनों में 50 अलग-अलग टास्क पूरे करने होते हैं और हर एक टास्क के बाद अपने हाथ पर एक निशान बनाना होता है. इस खेल का आख़िरी टास्क आत्महत्या होता है.

ऑनलाइन प्लेटफार्म के विषय-वस्तु इस तरह से तैयार किये जाते हैं कि वो बच्चों को अन्य लोगों के जीवन या शरीर के बारे में ऐसे विचार बनाने के लिए प्रेरित करें जो यथार्थवादी नहीं हैं.

वैज्ञानिकों ने पाया है कि बच्चों द्वारा सोशल मीडिया का अति प्रयोग उसी प्रकार के उत्तेजना पैटर्न का सृजन करता है जैसा अन्य एडिक्शन व्यवहारों से उत्पन्न होता है। आज बहुत सारे बच्चे व्हाट्सअप, फेसबुक, मेसेंजर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम एडिक्ट डिसऑर्डर के शिकार हो चुके हैं. यह लत अन्य लतों की तरह ही खतरनाक है किन्तु इसका सबसे भयावह पक्ष है मासूमों से उनकी मासूमियत छीन लेना, परिवार और समज से उन्हें दूर कर देना, शारीरिक और मानसिक रूप से उन्हें बीमार कर उनके सम्पूर्ण भविष्य को गर्त में धकेल देना.

बच्चे अपनी नासमझी की वजह से अक्सर स्ट्रेस पोस्टिंग के शिकार होते हैं. इसका अर्थ ये है कि किसी वजह से आवेश में आकर किसी क्षण विशेष में बच्चे सोशल मीडिया पर कुछ भी पोस्ट कर देते हैं और बाद में पछतावा करते हैं. किन्तु इस बीच उनके द्वारा साझा की गयी जानकारी या तस्वीर के आधार पर उनका शोषण किया जाता है, धमकी दी जाती है या ब्लैकमेल किया जाता है और साइबर बुलिंग से लेकर यौन शोषण तक की घटनाएं होती है.दरअसल मोबाइल का इस्तेमाल करते-करते बच्चे मोबाइल के माध्यम से कब और कैसे इस्तेमाल होने लगते हैं ये पता नहीं चलता. इन परिस्थितियों से निबटने में निःसंदेह अभिभावकों का दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन्हें भी अपनी सोच से लेकर जीवनशैली में परिवर्तन की आवशयकता है किन्तु यह समाज की समेकित जिम्मेदारी है कि वो इस समस्या की गंभीरता को समझे और हर स्तर पर वांछनीय प्रयास किये जाएँ. सोशल मीडिया के उपयोग के विभिन्न आयामों पर निरंतर सोशल मीडिया डिएडिक्सन क्लास का आयोजन किया जाये, अकादमिक संस्थानों में प्रशिक्षण सत्र का संचालन हो और हमारे बच्चों को आरम्भ से ही पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति उन्मुख किया जाये, इससे पहले कि बहुत देर हो जाये.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**



बिजनेस

## टाटा मोटर्स अपने कमर्शियल और पैसेंजर व्हीकल्स कारोबार का करेगी डिमर्जर

**नई दिल्ली** : टाटा समूह की ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स के डिमर्जर पर मुहर लग गई है. टाटा मोटर्स के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में ये फैसला लिया गया है. इस डिमर्जर के बाद टाटा मोटर्स की कमर्शियल व्हीकल्स के कारोबार को अलग इकाई में शामिल किया जाएगा जबकि दूसरे इकाई में पैसेंजर व्हीकल्स, इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स , जेएलआर और उससे जुड़े इंवेस्टमेंट को मिलाकर एक अलग कंपनी बनाई जाएगी.

रेग्यूलेटरी फाइलिंग में दी जानकारी

टाटा मोटर्स ने स्टॉक एक्सचेंज के पास दाखिल किए गए रेग्यूलेटरी फाइलिंग में बताया कि ये डिमर्जर एनसीएलटी के स्कीम ऑप अरेजमेंट के जरिए लागू किया जाएगा. साथ ही टाटा मोटर्स लिमिटेड के सभी शेयरधारकों के पास दोनों ही कंपनियों के शेयर होंगे. टाटा मोटर्स ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में टाटा मोटर्स के कमर्शियल व्हीकल्स (उ्ङ्गीङ्क' शॅ्रीर), पैसेंजर व्हीकल्स (ढंरशील्लॅ्रीर शॅ्रीर) जिसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (एश्) भी शामिल है और जगुआर लैंड रोवर (खंत्रङ्कंर छंल्ल फङ्गश्पीर) ने बेहद मजबूत प्रदर्शन दिखाया है. 2021 के बाद से ही इन सभी कारोबार अपन अपने सीईओ के निगरानी में स्वतंत्र रूप से काम करती रही हैं. दोनों कारोबार को




बढ़ाने में मिलेगी मदद

टाटा मोटर्स ने अपने बयान में कहा, ये डिमर्जर प्रक्रिया 2022 में पैसेंजर और इलेक्ट्रिकल कारोबार के अलग से सब्सिडियरी बनाने के फैसले की आगे का नतीजा है. और इस फैसले के जरिए दोनों ही कारोबार अपनी अपनी रणनीति को आगे बढ़ाते हुए और बेहतर तरीके और जवाबदेही के साथ हाई ग्रोथ को हासिल कर पायेंगे. इसके अलावा कमर्शियल व्हीकल्स और पैसेंजर व्हीकल्स के बीच सीमित तालमेल है. लेकिन पैसेंजर व्हीकल्स, ईवी और जेएलआर खासतौर से ईवी, ऑटोनोमस व्हीकल्स और व्हीकल्स सॉफ्टवेयर को डिमर्जर से बड़ा फायदा होगा. टाटा मोटर्स के बोर्ड के इस फैसले पर टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा, टाटा मोटर्स ने पिछले कुछ वर्षों में एक मजबूत बदलाव की पटकथा लिखी है. तीनों ऑटोमोटिव बिजनेस इकाइयां स्वतंत्र रूप से ऑपरेट कर रही हैं और लागातर बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं. इस डिमर्जर के जरिए से उन्हें अवसरों का बेहतर लाभ उठाने में मदद मिलेगी. इससे कस्टमर्स तो बेहतर सर्विसेज के साथ कर्मचारियों के लिए विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी और शेयरधारकों के लिए वैल्यू बढ़ेगा.

## निवेशकों ने दिल खोलकर लगाया इस आईपीओ पर पैसा, पहले ही दिन हुआ फुल सब्सक्राइब

**नई दिल्ली**:इंटीग्रेटेड मार्केटिंग कम्युनिकेशंस कंपनी आरके स्वामी के आईपीओ को मार्केट का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है. सोमवार को आईपीओ ओपन होने के कुछ ही समय में यह फुल सब्सक्राइब हो गया. इस 423.56 करोड़ रुपये के आईपीओ को ग्रे मार्केट से भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था. इसका ग्रे मार्केट प्राइस 58 रुपये के प्रीमियम पर चल रहा है. आरके स्वामी का आईपीओ अभी 6 मार्च तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला रहेगा. आईपीओ का प्राइस बैंड 270 से 288 रुपये रखा गया है.

जानकारी के अनुसार, आईपीओ खुलने से ही पहले ही कंपनी ने एंकर निवेशकों से 187.22 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं. एंकर निवेशकों के लिए यह इश्यू 1 मार्च को खुला था. इस आईपीओ में कंपनी ने फ्रेश इश्यू और ऑफर फॉर सेल का मिक्स किया है. ओएफएस में श्रीनिवास के स्वामी, नरसिम्हन कृष्णास्वामी, एवंस्टन पायनियर फंड और प्रेम मार्केटिंग वेंचर अपनी हिस्सेदारी बेच रहे हैं. फ्रेश इश्यू के जरिए कंपनी 173 करोड़ रुपये और ओएफएस के जरिए 250.56 करोड़ रुपये जुटाने की कोशिश




कर रही है. दोपहर 2 बजे तक पब्लिक इश्यू 1.15 गुना, रिटेल हिस्सा 4.75 गुना और एनआईआई सेगमेंट 1.17 गुना सब्सक्राइब हो चुका था.

एम्प्लॉयीज के लिए रिजर्व किया गया हिस्सा 16 फीसदी सब्सक्राइब हो चुका है. इस आईपीओ में आपको कम से कम 50 शेयर का लॉट खरीदना होगा. इसके लिए आपको न्यूनतम 13500 रुपये निवेश करने होंगे. यह कंपनी इंटीग्रेटेड मार्केटिंग सर्विस प्रदान करती है. यह डिजिटल सेवाओं पर जोर देती है. कंपनी के सीईओ नरसिम्हन कृष्णास्वामी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि पिछले 50 साल में कंपनी ने बाहरी निवेश नहीं उठाया है.

यह पहली बार मार्केट से पैसा उठाने की कोशिश है. इस इश्यू के मर्चेंट बैंकर की बात करें तो इसमें एसबीआई कैपिटल मार्केट्स, आईआईएफएल सिक्योरिटीज और मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी शामिल हैं.

## निकट भविष्य में महंगाई नहीं करेगी परेशान, अर्थशास्त्रियों ने लगाया ऐसा अनुमान

**नई दिल्ली** :महंगाई की मार से लंबे समय से परेशान लोगों को राहत मिलने लगी है. अच्छी बात ये है कि फिलहाल महंगाई नरम रहने वाली है. अर्थशास्त्रियों का मानना है कि कोर इंफ्लेशन का आंकड़ा निकट भविष्य में 3 फीसदी के आस-पास रहने का अनुमान है. इसका मतलब हुआ कि आम लोगों को कुछ समय तक महंगाई से राहत मिलने की उम्मीद है.

अर्थशास्त्रियों के हवाले से कहा गया है कि कोर इंफ्लेशन की दर नए वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 3 फीसदी के आस-पास रहेगी. उसके बाद इसकी दर में तेजी आ सकती है, जिसका कारण लोअर बेस रहेगा. नया वित्त वर्ष अगले महीने से शुरू होगा. अभी मार्च का महीना चल रहा है, जो चालू वित्त वर्ष 2023-24 का अंतिम महीना है. अप्रैल से वित्त

> अर्थशास्त्रियों के हवाले से कहा गया है कि कोर इंफ्लेशन की दर नए वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 3 फीसदी के आस-पास रहेगी. उसके बाद इसकी दर में तेजी आ सकती है, जिसका कारण लोअर बेस रहेगा. नया वित्त वर्ष अगले महीने से शुरूहोगा. अभी मार्च का महीना चल रहा है, जो चालू वित्त वर्ष 2023-24 का अंतिम महीना है. अप्रैल से वित्त वर्ष 2024-25 शुरूहो जाएगा. फिलहाल अगले 4 महीने तक महंगाई लोगों को परेशान नही करने वाली है.

वर्ष 2024-25 शुरू हो जाएगा. इसका मतलब हुआ कि फिलहाल अगले 4 महीने तक महंगाई लोगों को परेशान नहीं करने वाली है.

भारत में कोर इंफ्लेशन की दर जनवरी महीने में 3.5 फीसदी के निचले स्तर पर रही थी. उससे पहले दिसंबर में इसकी दर 3.8 फीसदी रही थी. कोर इंफ्लेशन की दर जनवरी 2024 में लगातार दूसरे महीने 4



फीसदी से नीचे रही थी, जिसके चलते ओवरऑल कंज्युमर इंफ्लेशन रेट 5.1 फीसदी रही थी. अर्थशास्त्रियों का कहनाहै कि आने वाले महीनों में कोर इंफ्लेशन की दर 3.3 फीसदी तक गिर सकती है.

कारण ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर मांग, हाउसिंग इंफ्लेशन में नरमी और इनपुट कॉस्ट का कम प्रेशर है.

अर्थशास्त्रियों का अनुमान कहता है कि ईंधन और खाने-पीने की चीजों को छोड़ दें तो अन्य सामानों व सेवाओं के मामले में लोगों को अगले 3-4 महीने तक महंगाई के कम प्रेशर का लाभ मिलने वाला है.थोक व खुदरा महंगाई के आंकड़े

महंगाई में मिल रही राहत का अंदाजा थोक महंगाई और खुदरा महंगाई के आधिकारिक आंकड़ों से भी लगता है. जनवरी महीने में थोक मूल्य सूचकांक यानी डब्ल्यूपीआई आधारित महंगाई की दर 0.27 फीसदी रही थी. यह आंकड़ा साल भर पहले जनवरी 2023 में 4.8 फीसदी पर था. वहीं जनवरी महीने के दौरान खुदरा महंगाई की दर एक महीने पहले के 5.69 फीसदी से कम होकर 5.10 फीसदी पर आ गई थी.

## हफ्ते के पहले सत्र में तेजी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली**: हफ्ते का पहला कारोबारी सत्र भारतीय शेयर बाजार के लिए बेहतर रहा. बैंकिंग, एनर्जी और ऑयल एंड गैस सेक्टर के स्टॉक्स में खरीदारी के चलते भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बंद हुआ है. बाजार आज 74,000 के ऐतिहासिक आंकड़े को छूने से कुछ ही फासले की दूरी पर रह गया. आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 71 अंकों के मामूली बढ़ोतरी के साथ 73,879 और नेशनल स्टॉक एकक्सचेंज का निफ्टी 20 अंकों के उछाल के साथ 22,400 अंकों पर क्लोज हुआ है. आज के ट्रेड में बैंकिंग, सरकारी बैंकों, फार्मा, एनर्जी, इंफ्रा, कमोडिटीजऔर ऑयल एंड गैस सेक्टर के स्टॉक्स तेजी के साथ बंद हुए जबकि कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, मेटल्स, मीडिया, आईटी और ऑटो स्टॉक्स गिरावट के साथ बंद हुए. मिडकैप स्टॉक्स में तेजी रही जबकि स्मॉल कैप स्टॉक्स गिरावट के साथ बंद हुआ है.

# विराट ने ब्रेक लिया है, अपने परिवार के साथ बिता रहे हैं वक्त

नई दिल्ली

विराट कोहली भारत के ही नहीं दुनियाभर में सबसे अधिक पसंद किए जाने वाले क्रिकेटर्स में शुमार हैं. वो कहीं भी खेलें, उनके फैंस सपोर्ट करने पहुंच जाते हैं. फिलहाल, तो वह ब्रेक पर हैं और अपने परिवार के साथ वक्त बिता रहे हैं. 15 फरवरी को अनुष्का शर्मा ने बेटे को जन्म दिया. अब उम्मीद है कि कोहली 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2024 के साथ ही मैदान पर वापसी करेंगे. मगर, इस बीच एक वीडियो सामने आया है, जिसमें विराट की जिंदगी का सबसे मजेदार किस्सा मालूम चला है...

पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली भले ही मैदान पर कितने भी अग्रेसिव दिखें. लेकिन, ये बात सभी जानते हैं कि वह काफी चुलबुले नेचर के हैं. कई बार मैदान पर भी वह अपनी हरकतों से फैंस को हंसाते हैं. अब स्टार स्पोर्ट्स ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग से



बातचीत की. इस दौरान आर्यवीर ने कोहली से पूछा कि आपकी पर्सनल लाइफ का ऐसा कोई फनी इंसिडेंट है, जो आपको अभी तक याद हो. इसके जवाब में कोहली ने कहा, मेरी लाइफ का सबसे फनी इंसिडेंट फील्ड पर ही हुआ था. मैच के वक्त ही मेरी पैंट उतर गई थी. मैंने गेंद पकड़ने के लिए डाइव लगाई और मेरी पैंट उतर गई. मैं अंडरवियर में था और बहुत सारे लोग मेरे ऊपर हंस रहे थे. फिर कोहली से आगे पूछा कि, अगर आप क्रिकेटर नहीं होते, तो क्या बनते? इसपर कोई ने कहा कि, मैं यदि क्रिकेटर नहीं बनता, तो शायद फुटबॉलर या बैडमिंटन में जाता. मुझे ये दोनों खेल काफी पसंद हैं.

> मैंने गेंद पकड़ने के लिए डाइव लगाई और मेरी पैंट उतर गई. मैं अंडरवियर में था और बहुत सारे लोग मेरे ऊपर हंस रहे थे. फिर कोहली से आगे पूछा कि, अगर आप क्रिकेटर नहीं होते, तो क्या बनते? इसपर कोई ने कहा कि, मैं यदि क्रिकेटर नहीं बनता, तो शायद फुटबॉलर या बैडमिंटन में जाता.

# धर्मशाला में कोई भी भारतीय बल्लेबाज नहीं कर पाया ये कारनामा, इस बार है मौका

नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है. टीम इंडिया ने पहले ही सीरीज में 3-1 से कब्जा जमा चुकी है. इस सीरीज में टीम इंडिया के सीनियर से लेकर जूनियर खिलाड़ियों ने भी कमाल का प्रदर्शन किया है. अब दोनों टीमों के बीच आखिरी टेस्ट मैच धर्मशाला के मैदान पर 7 मार्च से खेला जाएगा. धर्मशाला के मैदान पर अभी तक एक ही टेस्ट मैच हुआ है, जिसमें टीम इंडिया ने साल 2017 में ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराया था. लेकिन धर्मशाला के ग्राउंड पर टेस्ट मैच में अभी तक कोई भी भारतीय बल्लेबाज शतक नहीं लगा पाया है, लेकिन जिस तरह की फॉर्म में टीम इंडिया के



बल्लेबाज हैं, माना जा रहा है इस बार भारत की तरफ से इस मैदान पर शतक देखने को मिल सकता है. धर्मशाला के मैदान पर सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने का रिकॉर्ड केएल राहुल के नाम है. ड्छ फँ४' ने धर्मशाला के मैदान पर 111 रन बनाए हैं. जबकि अजिंक्य रहाणे दूसरे नंबर पर हैं. उनके बल्ले से यहां 84 रन निकले हैं. रवींद्र जडेजा 63 रनों के साथ तीसरे नंबर पर हैं. केएल राहुल इकलौते ऐसे बल्लेबाज, जिन्होंने टेस्ट मैचों में धर्मशाला के मैदान पर दो फिफ्टी लगाए हैं.

# आईपीएल में खेलेंगे या नही केएल राहुल? फिटनेस पर आई बड़ी अपडेट

नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से पहले केएल राहुल की फिटनेस लखनऊसुपर जायंट्स के लिए चिंता का विषय बनी हुई है. लेकिन, इस बीच उनकी फिटनेस से जुड़ी पॉजिटिव खबर सामने आई है. रिपोर्ट्स की मानें, तो जल्द ही राहुल को ठउअ से फिटनेस सर्टिफिकेट मिल जाएगा. इसके बाद वह अपनी टीम के साथ जुड़कर प्रैक्टिस शुरू कर सकेंगे. ये आईपीएल केएल के लिए अहम होने वाला है, क्योंकि यहीं प्रदर्शन कर वह अपकमिंग टी-20 वर्ल्ड कप टीम के लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकेंगे.

केएल राहुल की फिटनेस पर आई ताजा अपडेट के अनुसार वह जल्द ही मैदान पर वापसी कर सकते हैं. रिपोर्ट की



मानें, केएल राहुल ने लंदन में टॉप मेडिकल एक्सपर्ट्स से अपनी इंजरी पर सलाह ली. वह रविवार को भारत लौटे और उन्होंने नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब शुरू कर दिया है. जल्द ही उन्हें ठउअ से रिटर्न टू प्ले सर्टिफिकेट मिल सकता है. वह आईपीएल में प्रदर्शन कर अपनी काबिलियत साबित करने के लिए काफी उत्साहित हैं. आईपीएल में वह कीपर-बल्लेबाज के रूप में भारत की टी20 विश्व कप टीम में चयन के लिए कतार में हैं. केएल राहुल को पिछले साल खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग में फ्ळइ ५२ छ्रॅ मैच के दौरान फील्डिंग करते हुए चोट लगी थी. स्कैन से पता चला था कि उनकी क्वाड्रिसेप्स से टेंडन टूट गई.

# जब आईपीएल में 30 गेंदों में बना गया था शतक

नई दिल्ली

आईपीएल 2024 का आगाज होने एक महीने से भी कम का समय बचा है. आईपीएल 2024 के पहले फेज के शेड्यूल का ऐलान हो गया है. सभी टीमें भी तैयारियां जुट गई हैं. इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र की तैयारियों के लिए चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा. दुनिया के सबसे बड़ी क्रिकेट लीग में हर साल कई रिकॉर्ड बनते हैं और टूट जाते हैं. एक ऐसा ही रिकॉर्ड साल 2013 में बना, जहां वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल ने एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया जिसे अभी तक कोई और बल्लेबाज तोड़ नहीं पाया है. उन्होंने सिर्फ 30 गेंदों में शतक जड़ते हुए इतिहास रच दिया था. उनकी इस पारी में शुरुआत से छक्कों और चौकों की बारिश हो रही थी.

आईपीएल 2013 में 23 अप्रैल के दिन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और पुणे वॉरियर्स के बीच मुकाबला खेला गया. फ्ळइ ने पहले बल्लेबाजी की और टीम के लिए क्रिस गेल और तिलकरत्ने दिलशान ओपनिंग



करने उतरे. पहले ओवर में सिर्फ 3 ही रन आए, लेकिन दूसरे ओवर जो की ईश्वर पांडे करा रहे थे उस ओवर में क्रिस गेल ने 21 रन जड़ दिए थे. इसके बाद गेल ने पुणे के लगभग सभी गेंदबाजों की हवा निकाल दी. चौकों से ही बात कर रहे थे. उन्होंने सिर्फ 30 गेंदों में शतक जड़ते हुए आईपीएल इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. पहली 30 गेंदों में उन्होंने 8 चौके और 11 लंबे छक्के जड़े थे. पारी के 9वें ओवर में गेल ने अपना शतक पूरा कर लिया था. वहीं गेल ने अपनी इस तूफानी पारी में 66 गेंदों में नाबाद 175 रनों की पारी खेली थी. इस दौरान उनके बल्ले से 13 चौके और 17 छक्के निकले थे. आईपीएल में किसी खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सर्वश्रेष्ठ स्कोर है, अभी तक कोई खिलाड़ी तोड़ नहीं पाया.

# पैट कमिंस बने सनराइजर्स हैदराबाद के नए कप्तान, हुआ आधिकारिक ऐलान

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से पहले सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने अपना कप्तान बदल लिया है. फ्रेंचाइजी ने एडेन मार्करम को हटाकर ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस को टीम की कमान सौंप दी है. इसकी रिपोर्ट्स तो काफी वक्त से आ रही थी, मगर 4 मार्च को रफ्ऌ ने इसका ऑफिशियल ऐलान कर दिया है. कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने एक से बढ़कर एक उपलब्धि हासिल की है. ऐसे में अब उम्मीद रहेगी कि हैदराबाद की टीम आईपीएल 2024 में दूसरी ट्रॉफी जीत की दावेदारी पेश करेगी.

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से पहले से पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने आधिकारिक ऐलान कर दिया है कि दिग्गज तेज गेंदबाज पैट कमिंस उनके नए कप्तान होंगे. दुबई में हुए आईपीएल 2024 के मिनी ऑक्शन में रफ्ऌ ने पैट कमिंस को 20 करोड़ 50 लाख रुपये में खरीदकर अपने साथ जोड़ा था. अब यदि आप पैट कमिंस की उपलब्धियों पर गौर करें, तो ये कहना गलत नहीं होगा कि




अपकमिंग आईपीएल सीजम में हैदराबाद की किस्मत बदलने वाली है.

साल 2023 में उन्होंने बतौर कप्तान पिछले साल ऑस्ट्रेलिया को बड़ी-बड़ी उपलब्धियां हासिल कराईं. सबसे पहले बतौर कप्तान वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया. फाइनल में कंगारू टीम ने भारत को 209 रनों के बड़े अंतर से हराया. इसके बाद एशेज ट्रॉफी को भी ऑस्ट्रेलिया ने रिटेन की. इसके बाद पैट कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को उसके के घर पर हराकर 6वीं बार वनडे वर्ल्ड कप अपने नाम किया.

## संक्षेप खबरें

# न्यूजीलैंड की हार से भारत को हुआ बंपर फायदा, प्वॉइंट्स टेबल में बनी नंबर-1 टीम



**नई दिल्ली:** ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया पहला टेस्ट मैच खत्म हो चुका है. इस मैच को कंगारू टीम ने 172 रनों से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है. लेकिन, न्यूजीलैंड की इस हार का सीधा फायदा भारतीय टीम को हुआ है. असल में, कीवी टीम की हार के बाद टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल में नंबर-1 पर पहुंच गई है. वहीं, न्यूजीलैंड दूसरे नंबर पर पहुंच गई है.

न्यूजीलैंड की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी. लेकिन, टीम अपने फैसले को सही साबित नहीं कर पाई और वेलिंगटन टेस्ट गंवा बैठी. इस हार के बाद ना केवल न्यूजीलैंड की टीम 0-1 से सीरीज में पीछे हो गई है. बल्कि उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में भी बड़ा नुकसान हुआ है. पहले टीम नंबर-1 पर थी, लेकिन इस हार के बाद वह दूसरे नंबर पर खिसक आई है. न्यूजीलैंड की हार से टीम इंडिया को सीधा फायदा हुआ है. बिना खेले ही रोहित शर्मा एंड कंपनी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में नंबर-1 पर पहुंच गई है. जी हां, भारत का ढउळ 64.58 है. जबकि कीवी टीम का ढउळ 60 हो गया है. भारत और इंग्लैंड के बीच इस वक्त 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है, जिसका 5वां यानि आखिरी मुकाबला 7 मार्च से खेला जाएगा. यदि भारत इस मैच को जीतने में कामयाब होता है, तो यकीनन वह अपने ढउळ को और मजबूत कर लेगा और नंबर-1 पर अपनी जगह को मजबूत करेगा. वेलिंगटन टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 174 रनों के बड़े अंतर से मात दी. इसी के साथ वह अंक तालिका में तीसरे नंबर पर पहुंच गई है. कंगारू टीम का 59.09 ढउळ है. इसी के चलते वह तीसरे स्थान पर पहुंच सकी है. इसके अलावा यदि पाकिस्तान क्रिकेट टीम पर गौर करें, तो वह 36.66 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ 5वें स्थान पर है. चौथे नंबर पर बांग्लादेश है, जिसने अभी तक सिर्फ 2 ही मैच खेले हैं.

# महिला पहलवान ने कंधे पर उठाकर नचाया, तो चकरा गया चहल का दिमाग



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के अनुभवी लेग स्पिनर काफी मजाकिया शख्सियत हैं. वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं, जहां वह फनी रील्ड भी शेयर करते रहते हैं. लेकिन, अब चहल का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें महिला पहलवान उन्हें कंधों पर उठाकर फिरकी बनाती दिख रही हैं. ये वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है. सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे वीडियो में भारतीय पहलवान संगीता फोगाट हैं, जिन्होंने युजवेंद्र चहल को कंधों पर उठा रखा है. बताया जा रहा है कि ये वीडियो झलक दिखला जा की रैप-अप पार्टी का है, जिसमें संगीता फोगाट ने भी हिस्सा लिया था. मगर, वह पहले ही वीक में बाहर हो गई थीं. वीडियो में देखा जा सकता है कि संगीता ने कितनी आसानी से चहल को कंधे पर उठा रखा है और वह उन्हें घुमाती दिख रही हैं. चहल बार-बार खुद को उतारने के लिए भी कह रहे हैं, लेकिन संगीता उनकी फिरकी बना रही हैं. जब चहल को उतारा गया, तब तक तो उनका हाल बेहाल हो गया था. इस वीडियो को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और ये सोशल मीडिया पर छाया हुआ है. युजवेंद्र चहल लंबे वक्त से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं. ऐसे में अब वह अपकमिंग इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में खेलते नजर आएंगे.

# श्रेयस अय्यर का बुरा वक्त हो गया है शुरू! कॉन्ट्रैक्ट से बाहर होने के बाद रणजी में भी हुए फ्लॉप

नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेटर श्रेयस अय्यर का नाम इन दिनों चर्चा में बना हुआ है. बीसीसीआई द्वारा सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से उन्हें बाहर कर दिया गया. इसके बाद अब श्रेयस अय्यर ने रणजी ट्रॉफी में वापसी की. लेकिन, यहां भी उनके बल्ले से रन निकलने का नाम नहीं ले रहे हैं. तमिलनाडु के साथ खेले जा रहे सेमीफाइनल मैच में अय्यर सिर्फ 3 रन बनाकर ही आउट हो गए. ऐसे में सोशल मीडिया पर फैंस ने शोर मचा दिया है कि अय्यर का बुरा वक्त शुरू हो गया है.

तमिलनाडु के साथ खेले जा रहे सेमीफाइनल मैच में श्रेयस अय्यर 6वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए. उन्होंने 8 गेंदों का सामना किया और संदीप वॉरियर की गेंद पर बोल्ड होकर पवेलियन लौट गए. उनका इस तरह सस्ते में आउट होना यकीनन उनके लिए इस वक्त मुश्किलें बढ़ा सकता है. इससे पहले भी अय्यर फॉर्म में नहीं थे. इंग्लैंड के साथ खेली जा रही टेस्ट सीरीज के शुरुआती 2 मैच में उनके बल्ले से बड़ी पारी नहीं निकली. हैदराबाद टेस्ट में 35, 13 रन बनाए



थे. वहीं, विशाखापट्टनम टेस्ट में भी कुछ खास नहीं कर पाए थे और 27, 29 रन बनाकर आउट हो गए थे.

श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को बीसीसीआई ने नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया है. श्रेयस अय्यर की बात करें, तो उन्होंने पीठ में दर्द की शिकायत बताकर रणजी ट्रॉफी मैच से किनारा कर लिया था. लेकिन, जब नेशनल क्रिकेट एकेडमी की ओर से रिपोर्ट सामने आई, तो उसमें अय्यर को फिट घोषित कर दिया गया. ऐसे में माना जाने लगा कि अय्यर ने रणजी ट्रॉफी मैच ना खेलने के लिए ऐसा कहा होगा. शायद ऐसा ही बीसीसीआई ने भी सोचा. तभी उन्होंने घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज करने की सजा देते हुए उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया. हालांकि, बीसीसीआई की तरफ से इस तरह की कोई भी बात ऑफिशियली नहीं कही गई है. मगर, सोशल मीडिया पर फैंस का ऐसा ही मानना है कि बोर्ड ने अय्यर और ईशान को घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज करने की सजा दी है. यहां भी उनके बल्ले से रन निकलने का नाम नहीं ले रहे हैं. तमिलनाडु के साथ खेले जा रहे सेमीफाइनल मैच में अय्यर सिर्फ 3 रन बनाकर ही आउट हो गए. ऐसे में सोशल मीडिया पर फैंस ने शोर मचा दिया है कि अय्यर का बुरा वक्त शुरू हो गया है.

> बीसीसीआई की तरफ से इस तरह की कोई भी बात ऑफिशियली नहीं कही गई है. मगर, सोशल मीडिया पर फैंस का ऐसा ही मानना है कि बोर्ड ने अय्यर और ईशान को घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज करने की सजा दी है. यहां भी उनके बल्ले से रन निकलने का नाम नही ले रहे हैं. तमिलनाडु के साथ खेले जा रहे सेमीफाइनल मैच में अय्यर सिर्फ 3 रन बनाकर ही आउट हो गए.

# बॉलीवुड तड़का



## कानपुर के वैभव गुप्ता ने जीता इंडियन आइडल का खिताब

**नई दिल्ली:** वैभव गुप्ता ने सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल का सीजन 14 का खिताब जीता है. जानकारी के अनुसार, कानपुर के रहने वाले वैभव ने रविवार रात को एक ट्रॉफी, 25 लाख की पुरस्कार राशि और एक मारुति सुजुकी ब्रेज़ा जीती. शो के अन्य फाइनलिस्ट अंजना पद्मनाभन, अनन्या पाल, पीयूष पंवार, सुभादीप दास और आद्या मिश्रा थे. बता दें, वैभव ने कहा, खुद को इंडियन आइडल 14 का विजेता कहते हुए मुझे अच्छा लग रहा है. लोगों ने मुझे बहुत प्यार दिया है. सपने सच हो रहे हैं, ये तो बस शुरुआत है. भगवान की इच्छा रही तो मैं अब बॉलीवुड में काम करना चाहता हूं.आगे सिंगर ने कहा मुझे जो प्यार और सराहना मिल रही थी, उससे मुझे उम्मीद थी कि मैं यह जीत सकता हूं. खासकर, जब महेश भट्ट ने मेरे लिए सीटी बजाई, तो मुझे वह पल बहुत पसंद आया. मैं इसे अपने दिमाग में खेलता रहता हूं. वैभव ने यह भी साझा किया, मैं अब सलमान खान, विक्की कौशल और रणवीर सिंह के लिए पार्श्व गायन करना चाहता हूं. मैं पूरी कोशिश करूंगा कि किसी दिन ऐसा हो. मैं लाइव संगीत, सिम्फनी प्रकार को वापस लाना चाहता हूं. 90 के दशक का एहसास अब वापस आ रहा है. लोग किशोर दा को फिर से सुन रहे हैं और यह पीढ़ी राग पर अधिक ध्यान दे रही है. यह संगीत का बहुत अच्छा युग है और मैं इसमें एक नई लहर पेश करना चाहता हूं.'

वैभव को ट्रॉफी सौंपे जाने पर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसके कैप्शन में लिखा है, हम इंडियन आइडल के विजेता वैभव गुप्ता की जीत की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं, जो बिल्कुल नई मारुति सुजुकी ब्रेज़ा के साथ स्टाइल में घर जाने के लिए तैयार हैं. ट्रॉफी के साथ वैभव की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, कानपुर के छोटे सेठजी इंडियन आइडल सीजन 14 के विजेता हैं, वैभव गुप्ता.

ग्रैंड फिनाले में सोनू निगम विशेष अतिथि थे. इंडियन आइडल सीजन 14 में श्रेया घोषाल, विशाल ददलानी और कुमार शानू जज थे. इस सीज़न के होस्ट हुसैन कुवाजेरवाला थे. इंडियन आइडल 14 पिछले साल अक्टूबर में प्रसारित हुआ था. शो में कई सेलिब्रिटी मेहमान उनकी आवाज से प्रभावित हुए. महेश भट्ट, गायक सुखविंदर सिंह और ऋतिक रोशन ने उनकी प्रशंसा की. करिश्मा कपूर, जो शो में एक और मेहमान थीं, ने वैभव की तारीफ करते हुए कहा था कि वह उन्हें शम्मी कपूर की याद दिलाते हैं.

### इंडियन आइडल सीजन 14 में ये थे जज

ग्रैंड फिनाले में सोनू निगम विशेष अतिथि थे. इंडियन आइडल सीजन 14 में श्रेया घोषाल, विशाल ददलानी और कुमार शानू जज थे. इस सीजन के होस्ट हुसैन कुवाजेरवाला थे. इंडियन आइडल 14 पिछले साल अक्टूबर में प्रसारित हुआ था. शो में कई सेलिब्रिटी मेहमान उनकी आवाज से प्रभावित हुए. महेश भट्ट, गायक सुखविंदर सिंह और ऋतिक रोशन ने उनकी प्रशंसा की. करिश्मा कपूर, जो शो में एक और मेहमान थी, ने वैभव की तारीफ करते हुए कहा था कि वह उन्हें शम्मी कपूर की याद दिलाते हैं.

## मनीषा रानी ने जीता 'झलक दिखला जा 11 का खिताब, लाखों में मिली प्राइज मनी



**नई दिल्ली:** इंतजार खत्म हुआ... आखिरकार टीवी का पॉपुलर डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा के 11वें सीजन को एक शानदार सफर के बाद अपना विजेता मिल गया है. मनीषा रानी ने झलक दिखला जा 11 की ट्रॉफी जीत ली है. वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया पर मनीषा रानी के फैंस काफी ज्यादा खुश नजर आ रहे हैं. इस वक्त हर तरफ उनकी जीत के ही चर्चे हैं. गौरतलब है कि, झलक दिखला जा के इस सीजन में पहले से ही मनीषा रानी को ट्रॉफी के हकदार के तौर पर देखा जा रहा था. वहीं आखिर में हुआ भी बिल्कुल वैसा ही.. बता दें कि, जज अरशद वारसी, मलाइका अरोड़ा और फराह खान ने इस सीजन के विनर घोषित किया, जिसके बाद उन्हें लाखों की प्राइज मनी मिली है.

मालूम हो कि, मनीषा रानी शानदार डांसर हैं और वे शो के पहले एपिसोड से ही मजबूत कंटेस्टेंट बनी हुई थीं. वोटिंग में भी वे हमेशा आगे नजर आईं और इसी वजह से लगातार उन्हें झलक दिखला जा सीजन 11 के विजेता के तौर पर देखा जा रहा था. ऐसे में अब आखिरकार उन्होंने इस शो की ट्रॉफी को अपने नाम कर ही लिया है.

**मनीषा रानी ने झलक दिखला जा 11 की ट्रॉफी जीत ली है. वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया पर मनीषा रानी के फैंस काफी ज्यादा खुश नजर आ रहे हैं.**

## विक्की–कैट के साथ पोज देते दिखे दीपिका–रणवीर, फोटो वायरल



**नई दिल्ली:** अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री–वेडिंग से कई फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. इस इवेंट में कई सारे बॉलीवुड स्टार्स शामिल हुए हैं. जिन्होंने इस शाम को और यादगार बना दिया. मार्च 2024 के दूसरे दिन बॉलीवुड में मनमोहक पलों की झड़ी लग गई, जिसने सुर्खियां बटोरीं. सबसे पॉपुलर घटनाओं में से एक वायरल फोटो थी जिसमें दो लीड पावर कपल्स शामिल थे, दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह, कैटरीना कैफ और विक्की कौशल. दिन के यादगार पलों में एक अप्रत्याशित और रोमांचक दृश्य जुड़ गया: अंतरराष्ट्रीय सनसनी रिहाना और बॉलीवुड स्टार जान्हवी कपूर अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री–वेडिंग पार्टी में डांस फ्लोर साझा करते हुए.

आज की सबसे चर्चित घटनाओं में से एक एक वायरल फोटो थी जिसमें दो प्रमुख पावर कपल्स: दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह, कैटरीना कैफ और विक्की कौशल को दिखाया गया था. एक साथ पोज देते हुए दो जोड़ों की प्यारी फोटो इंटरनेट पर धूम मचा रही है, जिससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चर्चा और उत्साह बढ़ गया. क साथ ट्विंक करती जान्हवी कपूर और रिहाना

जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर रिहाना के साथ गाने 'झिंगाट' पर डांस और डांस करते हुए एक वीडियो शेयर करके अपने फैंस को खुश कर दिया.

कुल मिलाकर, जामनगर फेस्टीवल का दूसरा दिन किसी तमाशे से कम नहीं था. अब, हर कोई यह देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है कि तीसरे दिन क्या होने वाला है, और अधिक शानदार पलों और ग्लैमरस समारोहों की आशा कर रहा है.

**दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह, कैटरीना कैफ और विक्की कौशल को दिखाया गया था. एक साथ पोज देते हुए दो जोड़ों की प्यारी फोटो इंटरनेट पर धूम मचा रही है, जिससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चर्चा और उत्साह बढ़ गया. क साथ ट्विंक करती जान्हवी कपूर और रिहाना**



## एक्टर नही बल्कि लेखक हैं श्रद्धा के रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल मोदी

**नई दिल्ली:** बॉलीवुड दिवा श्रद्धा कपूर अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं. मोस्ट पॉपुलर एक्ट्रेस आज अपना जन्मदिन मना रही हैं. बता दें कि, एक्ट्रेस आज 37 साल की पूरी हो गई हैं. इस खास मौके पर एक्ट्रेस को उनके फैंस और करीबी विश कर रहे हैं. इन दिनों श्रद्धा अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री–वेडिंग फंक्शन में पहुंची हुई हैं. एक्ट्रेस ने लेखक राहुल मोदी के साथ अपनी हालिया पब्लिक प्रेजेंस से फैंस को सरप्राइज कर दिया. जामनगर में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी से पहले के उत्सव में शामिल होने पर इस जोड़े ने सुर्खियां बटोरीं, जिससे उनके रिश्ते की स्थिति के बारे में अटकलें तेज हो गईं.महीनों की अटकलों के बावजूद, श्रद्धा और राहुल ने अब तक अपने रोमांस को छुपाकर रखा था. हालाँकि, हाल ही में देखे गए सीन उनके नजरिए में बदलाव का संकेत देते हैं. एक सूत्र का हवाला देते हुए, मीडिया ने बताया, ₹वे एक निजी संबंध रखना चाहते हैं, और रिश्ते को सार्वजनिक करने से घबराते नहीं हैं.₹ फिर भी, एक साथ फोटो खिंचवाने की उनकी इच्छा उनके रुख में बदलाव का संकेत देती है.

## अनंत–राधिका की प्री–वेडिग पर रिहाना ने जमाया रंग



**नई दिल्ली:** अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का जामनगर में चल रहा जलसा पहले ही सबका ध्यान खींच चुका है. लेकिन जब इंटरनेशनल म्यूजिक सनसनी रिहाना के इवेंट में परफॉर्मेंस देने की खबर सुर्खियों में आई, तो उनके फैंस खुशी से उछल पड़े. साथ ही अब बीते दिल सिंगर ने आखिरकार पर्सनल इवेंट में स्टेज पर आग लगा दी. उनकी परफॉर्मेंस की फोटोज और वीडियोज अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. आखिरकार, अपने भारतीय फैंस को काफी समय तक इंतजार कराने के बाद, रिहाना स्टेज पर हैं और अंबानी और व्यापारियों द्वारा आयोजित एक निजी कार्यक्रम में परफॉर्म भी किया. अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी से पहले के फेस्टिवल का हिस्सा बनने के लिए संगीत की दुनिया जामनगर, गुजरात पहुंची.


## अंबानी प्री–वेडिग पार्टी से रिहाना और जान्हवी कपूर का डांस हुआ वायरल

**नई दिल्ली:** इंटरनेशनल पॉप सिंगर रिहाना अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री वेडिंग सेरेब्रेशन में परफॉर्मेंस के लिए भारत आई थी. 1 मार्च को दिवा ने वर्क और डायमंड्स जैसे हिट गाने गाकर मंच पर आग लगा दिया. अगले दिन, जान्हवी कपूर ने रिहाना के साथ उनके गाने झिंगाट पर डांस करते हुए एक वीडियो भी शेयर किया. जो देखते देखते ही वायरल होने लगा. अब हाल ही में एक्ट्रेस द्वारा शेयर किए गए वीडियो पर सिंगर रिहाना ने प्यार बरसाते हुए कमेंट किया है.

शनिवार, 2 मार्च को, जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक शानदार वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने रिहाना के साथ उनके सुपर हिट गाने झिंगाट पर ठुमके लगाए. जो वीडियो तुरंत इंटरनेट पर वायरल हो गया, उसमें दोनों को संक्रामक ऊर्जा का आदान–प्रदान करते हुए और अंत तक थिरकते हुए भी दिखाया गया. वीडियो में जान्हवी को एक चमकदार सिल्वर कट–आउट ड्रेस पहने देखा गया, जबकि रिहाना जांघ–हाई स्लिट वाली गुलाबी ड्रेस में नजर आईं.

एक दिन बाद, रिहाना ने आखिरकार वीडियो पर कमेंट दिया और लिखा, लव यू और उसकी प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर, जान्हवी ने लिखा, आप मेरी क्वीन हैं. दूसरी ओर, जान्हवी के रुमर्ड प्रेमी शिखर पहाड़िया ने भी वीडियो पर कमेंट करते हुए रेड दिल वाली आंखों वाले इमोजी लगाए. इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर 60 मिलियन से अधिक बार देखा गया है. यह वीडियो इंटरनेट पर छाया हुआ है और फैंस का उत्साह बढ़ा रहा है. अनंत अंबानी की राधिका मर्चेंट की प्री–वेडिंग मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी की राधिका मर्चेंट के साथ तीन दिवसीय प्री–वेडिंग सेलिब्रेशन 1 मार्च को शुरू हुआ. रिहाना के बाद, दूसरे दिन यानी 2 मार्च को दिलजीत दोसांझ ने स्टेज पर राज किया और अपने जबरदस्त हिट गाने दिए. जैसे प्रॉपर पटोला और किन्नी किन्नी. वायरल वीडियो में करीना कपूर, अर्जुन कपूर और करिश्मा कपूर सहित अन्य बॉलीवुड सेलेब्स उनकी धुनों पर थिरकते नजर आए.

**जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक शानदार वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने रिहाना के साथ उनके सुपर हिट गाने झिंगाट पर ठुमके लगाए. जो वीडियो तुरंत इंटरनेट पर वायरल हो गया, उसमें दोनों को संक्रामक ऊर्जा का आदान–प्रदान करते हुए और अंत तक थिरकते हुए भी दिखाया गया. वीडियो में जान्हवी को एक चमकदार सिल्वर कट–आउट ड्रेस पहने देखा गया, जबकि रिहाना जांघ–हाई स्लिट वाली गुलाबी ड्रेस में नजर आईं.**



सब का सपना

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा आर्यावर्त प्रिंटर्स सौम्या सदन गोकुल बिहार, अमरोहा उत्तर प्रदेश 244221 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।

संपादक : अनुज कुमार

R.N.I. No. : UPHIN/2023/86483

मोबाइल नंबर

9456884327

E-Mail :-

Officialsabkasapna@gmail.com

www.sabkasapna.com

नोट– समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।